Semester – I: THEORY

Paper Name

INTRODUCTION TO DISABILITIES

Unit -1

Understanding Disability

Unit-1.1

Historical perspectives of Disability - National and International & Models of Disability; -दिव्यांगता समाज में अलग–थलग माने जाने वाला समूह रहा है प्राचीन साहित्य का अध्ययन करने से यह पता चलता है कि दिव्यांगों की दशा उस समय बहुत सोचनीय थी उस समय उन्हें राक्षस बुरी आत्मा तथा पूर्व जन्म का पाप कहा जाता था उन्हें समाज से अलग तथा वंचित कर दिया जाता था समाज द्वारा प्रारंभ से ही दिव्यांगता को नकारात्मक दृष्टिकोण से देखा गया है या फिर के प्रति सहानुभूति पूर्ण रवैया रखा गया है लेकिन स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांगों के विकास के क्षेत्र में परिवर्तन देखने को मिला धीरे लोगों में दी लता के प्रति रुचि लेना प्रारंभ कर दिया तथा अधिनियम नीतियों और दिव्यांगों से संबंधित दस्तावेज में उनके शिक्षण प्रशिक्षण में पुनर्वास के क्षेत्र में कार्य किया जैसे लोगों का ध्यान दिव्यांगों के शिक्षण प्रशिक्षण पर गया।

समय परिवर्तन के साथ साथ लोगों के दृष्टिकोण में परिवर्तन आया जिसमें शिक्षा शास्त्री धर्मावलंबी महात्मा ऋषि मुनि आदि लोगों का विशेष योगदान रहा इन्होंने भी दिव्यांगों को समाज का मुख्य अंग माना और कार्य करना प्रारंभ कर दिया दिव्यांगता के क्षेत्र में क्रमबद्ध विकास को हम निम्नलिखित बिंदुओं से स्पष्ट कर सकते हैं–

16 वीं शताब्दी– 16वीं शताब्दी में पोप ग्रेगरी प्रथम ने धामी वंश जारी कर अपने अनुयायियों को दिव्यांग जनों की सेवा करने का आदेश दिया तो फिर भी उनकी स्थिति अत्यंत दयनीय थी।

17 वी शताब्दी– 17वी शताब्दी में दिव्यांग जनों की शिक्षा दीक्षा एवं देखरेख की व्यवस्था की जाने लगी दर्शन शास्त्रीय एन ए डिस्कार्ड ने सीखने के सिद्धांत की नींव रखी इसी काल में पाहो पीन्स की ली नामक एक स्पेनिश वैज्ञानिक ने बधिर बच्चों को लिखा ना पढ़ाना प्रारंभ किया इसी काल में सूरदास और अन्नास का भी वर्णन मिलता है जनों की बदलती स्थिति का सूचक है।

18 वीं शताब्दी– इस युग को पुनर्वास की अवस्था भी कहते हैं जो कि सामाजिक परिवर्तन के परिणाम स्वरूप आती है काल में शोध एवं अनुसंधान भी प्रारंभ किए राजनीतिक सुधारकों ने शिक्षा और स्वास्थ्य में दिव्यांगों की शिक्षा एवं दक्षता को जोड़ने का सफल प्रयास किया इसी काल में वाणी एवं भाषा संबंधी विकास सर्वप्रथम अंबे चार्ल्स द्वितीय एवं सैमुअल हार्वे ने हस्त चलित संकेतों की एक पद्धति विकसित की इन्हें सांकेतिक पद्धति का जनक के नाम से जाना जाता है इसके उपरांत 1748 ईस्वी में डॉक्टर दीड रिट ने दृष्टि बाधित व्यक्तियों की शिक्षा प्रारंभ की सर वैलेंटाइन ने सन 1784 इसवी में प्रथम अंध विद्यालय खोला।

19वीं शताब्दी– 19वीं शताब्दी दिव्यांग जनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रही इस शताब्दी में क्रमबद्ध तरीके द्वारा दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए प्रयास किए गए इसी शताब्दी में दिव्यांग जनों हेतु शिक्षा के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति लुइस ब्रेल का जन्म 1809 इसवी में हुआ 1870 ईस्वी में ब्रिटेन के लोग दिव्यांगों की शिक्षा के लिए जागरूक हुए 19वीं शताब्दी में दिव्यांग जनों हेतु महत्वपूर्ण कार्य करने वालों में एलेग्जेंडर ग्राहम बेल (अमेरिका) (1887 से 1922) ईस्वी तक अलफ्रेड बिनेट (फ्रांस 1857 से 1910 ईस्वी तक) मैडम मरिया मोंटसरी (इटली 1870 से 1952) तक आदि नाम प्रमुख हैं भारत में सन 1857 में श्रीमती एनी शार्प ने अमृतसर में प्रथम अंध विद्यालय की स्थापना की।

EXAM TRICKY
Notes For Pursuit
SPECIAL EDUCATION

20 वी शताब्दी– इस शताब्दी के प्रारंभ में मानसिक तौर पर पिछड़े बालकों के लिए विद्यालय खोले गए परंतु यह प्रयास सफल नहीं हो सका कुछ समय पश्चात श्रवण बाधित एवं दृष्टि दोष वाले बच्चों के लिए एक दिवसीय विद्यालय खोले गए इस शताब्दी में भी आंशिक निशक्त व्यक्तियों के लिए तो विद्यालय थे परंतु उनमें पूर्णतया सुविधा नहीं थी सन 1903 ईस्वी में लंदन कमीशन और इस क्षेत्र में कार्य करने वाली कुछ उत्तरदाई संस्थाओं ने मिलजुल कर मंदबुद्धि बालकों के लिए कुछ प्रावधान बनाएं और उनकी शिक्षा प्रारंभ की।

सन 1913 ईस्वी में भारत के कई राज्यों में दृष्टिहीन मुख बधिर बच्चों के लिए प्रावधान किया गया तथा विद्यालय खोले गए सन 1918 ईस्वी में रॉयल कमीशन हुआ जिसे मेंटल डेफिशियेंसी बिल के नाम से जाना जाता है।

भारत में ही सन 1929 में डॉक्टर कुंजित वर्ल्ड ने स्कूल फॉर द ब्लाइंड के माध्यम से मद्रास एसोसिएशन की स्थापना की 1936 ईसवी में ही मंदबुद्धि बच्चों के लिए सरकारी मानसिक अस्पताल की स्थापना की गई।

1950 ईस्वी में अक्षमता को अलग से परिभाषित किया गया और सन 1954 ईस्वी में मुंबई में एक नियमित विद्यालय में पहली बार विशेष शिक्षा प्रारंभ की गई।

सन 1965 से 66 ईसवी तक भारत में एजुकेशन कमीशन रिपोर्ट के अनुसार दिव्यांग बच्चे जहां तक संभव हो सामान्य विद्यालयों में समायोजन पर बल दिया गया।

1968 ईस्वी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विशेष विद्यालय एवं समेकित विद्यालय की बात की गई।

1972 ईस्वी में लुइस ब्रेल मेमोरियल अनुसंधान केंद्र की स्थापना की गई।

1986 ईस्वी में नई शिक्षा नीति मैं दिव्यांग जनों को मुख्यधारा में शामिल करने की बात की गई।

1987 ईस्वी में भारत में मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम पारित हुआ।

1992 ईसवी में भारत सरकार ने भारतीय पुनर्वास परिषद की स्थापना की।

1995 ईस्वी में भारत में निशक्त व्यक्तियों के लिए निशक्तजन अधिनियम– पीडब्ल्यूडी एक्ट– 1995 बना जो दिव्यांगता के क्षेत्र में अब तक का सबसे महत्वपूर्ण प्रयास रहा है।

1999 ईस्वी में राष्ट्रीय न्यास अधिनियम नेशनल ट्रस्ट एक्ट पारित हुआ जिसमें चार प्रकार की क्षमताओं मानसिक मंदता, प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात, स्वलीनता, बहु विकलांगता को शामिल किया गया।

इस प्रकार सरकारी एवं गैर सरकारी तौर पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने दिव्यांग जनों के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए जिसमें दिव्यांग जनों को पुनर्वास सेवाओं के साथ–साथ सामान्य जीवन प्रदान करते हुए समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में आसानी हुई तथा इसके साथ ही दिव्यांग जनों को बाधा मुक्त वातावरण उपलब्ध कराने हेतु प्रयास जारी हैं के साथ ही समय अनुसार उनके दृष्टिकोण में रुचि व्यवहार आदि में परिवर्तन भी आया है और आधुनिक तकनीकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

Notes For Pyssum
EXAM TRICKY
SPECIAL EDUCATION

Models of Disability-

- नैतिक और/या धार्मिक मॉडलः भगवान के एक कार्य के रूप में विकलांगता
- चिकित्सा मॉडलः विकलांगता के रूप में एक बीमारी
- सामाजिक मॉडलः विकलांगता एक के रूप में सामाजिक रूप से निर्मित घटना
- पहचान मॉडलः विकलांगता के रूप में एक पहचान
- मानवाधिकार मॉडलः विकलांगता मानवाधिकार के मुद्दे के रूप में
- सांस्कृतिक मॉडलः विकलांगता संस्कृति के रूप में
- आर्थिक मॉडलः विकलांगता के रूप में उत्पादकता के लिए एक चुनौती

Unit-1.2

Concept, Meaning and Definition - Handicap, Impairment, Disability, activity limitation, habilitation and Rehabilitation-

क्षति का अर्थ– शरीर रचना मनोवैज्ञानिक ढांचे व क्रियात्मकता में कमी एवं असमानता को क्षति कहा जा सकता है कोई भी असमानता जो शारीरिक या मानसिक स्तर की होती है छाती कहलाती है यह अंग स्तर पर होती है।

अक्षमता का अर्थ– क्षति के कारण उत्पन्न अवस्था जिसमें व्यक्ति के कार्य करने की क्षमता में कमी या परिवर्तन हो जाता है जितनी उम्मीद एक सामान्य व्यक्ति से की जाती है जो किसी व्यक्ति की गतिविधियां कार्य करने की क्षमता के परिणामों की ओर इशारा करती है अक्षमता किसी कार्य को करने की सीमा या योग्यता में कमी है जिसके कारण सामान्य माने जाने वाले व्यक्ति द्वारा किए गए कार्य को उसी के तरीके से उसी के तरीके से या क्रमवार ना किया जा सके।

विकलांगता का अर्थ– विकलांगता उस व्यक्ति की दशा को कहते हैं जो छतिया अक्षमता के कारणों से उत्पन्न होती है इसमें व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक क्रियाओं संबंधी भूमिकाओं को सामान्य व्यक्ति की तुलना में कम निभा पाता है दूसरे शब्दों में विकलांगता वह हानि है जो किसी क्षेत्र के उपरांत व्यक्ति की आयु एवं सामाजिक स्तर के अनुरूप कार्य करने में बाधा पहुंच आती है।

<u>परिभाषाएं</u>

<u>विश्व स्वास्थ्य संगठन 1976 के अनुसार</u>

क्षति– क्षति का अर्थ किसी सैद्धांतिक कारण से सही संरचना एवं प्रकटन अथवा अंग या कार्यात्मक प्रणाली में असमान्यता का होना है क्षति अंगी स्तर पर को संदर्भित करती है।

अक्षमता– अक्षमता क्षति के परिणाम स्वरूप व्यक्ति द्वारा की जाने वाली क्रियाओं कार्यात्मक प्रदर्शन को संदर्भित करती है।

विकलांगता– विकलांगता व्यक्ति की क्षति एवं अक्षमता के परिणाम स्वरूप असुविधा जनक अनुभवों को प्रदर्शित करता है ऐसे में व्यक्ति के आसपास अनुकूलित अंतः क्रिया किए जाने में कठिनाई होती है।

I.C.I.D.H. के अनुसार **- International Classification of Impairment, Disability and Handicap**

Impairment- क्षति के परिपेक्ष्य में कोई भी मनोवैज्ञानिक, सामाजिक कार्य जो कि मानसिक स्तर पर कार्य को प्रभावित करता है, बाधिता कहलाती है। क्षति में अंग स्थान विषेश चिन्हित होता है, जो प्रभावित होता है।

Disability . अक्षमता के परिपेक्ष्य में व्यक्ति में कार्यात्मक असमानता आती है जो बाधिता के कारण कार्य करने की क्षमता को प्रभावित करती हैं।

Handicap . विकलांगता वह है जो अक्षमता के कारण किसी विषेश कार्य करने की क्षमता को प्रभावित करती है, प्रमुख रूप से विकलांगता व्यक्ति की (सामाजिक, आर्थिक, आयु, लिंग) सीमाएं उसकी अक्षमता के आधार पर तय करने से हैं।

क्षति :–

विश्व स्वास्थ्य संगठन 1976 के अनुसार :–

''क्षति का अर्थ किसी सैद्धांतिक कारण से सही संरचना एवं प्रकटन अथवा अंग या कार्यात्मक प्रणाली में असमानता का होना है। क्षति अंगीय स्तर पर बाधाओं को संदर्भित करती है ।''

अक्षमता :–

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसारः–

''अक्षमता क्षति के परिणाम स्वरूप व्यक्ति द्वारा की जाने वाली क्रियाओं कार्यात्मक प्रदर्शन को संदर्भित करती है।''

विकलांगता :–

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार :–

''विकलांगता व्यक्ति की क्षति एवं अक्षमता के परिणाम स्वरूप असुविधा जनक अनुभवों को प्रदर्शित करता है। ऐसे में व्यक्ति के आसपास अनुकूलित अंतः क्रिया किए जाने में कठिनाई होती है।''

EXAM TRICKY
Notes For Pyssum
SPECIAL EDUCATION

Activity Limitation;गतिविधि सीमाद्ध–गतिविधि की सीमाएँ वे कठिनाइयाँ हैं जो किसी व्यक्ति को गतिविधियों को निष्पादित करने में हो सकती हैं। भागीदारी प्रतिबंध ऐसी समस्याएं हैं जिन्हें एक व्यक्ति जीवन स्थितियों में शामिल होने में अनुभव कर सकता है।

Habilitation and Rehabilitation-

Habilitation –हैबिलिटेशन एक ऐसी प्रक्रिया को संदर्भित करता है जिसका उद्देश्य विकलांग व्यक्तियों को दैनिक जीवन के लिए कौशल प्राप्त करने, बनाए रखने या सुधार करने में मदद करना है। बाल रोगियों के लिए, हैबिलिटेटिव थेरेपी का उद्देश्य अक्सर एक बच्चे को मोटर कौशल विकसित करने में मदद करना होता है जिसे उन्होंने अभी तक पूरा नहीं किया है।

उदाहरण के लिए, सेरेब्रल पाल्सी वाले बच्चे को बैठने का तरीका सीखने के लिए किसी भौतिक चिकित्सक की सहायता की आवश्यकता हो सकती है। या किसी अन्य बच्चे को भाषण चिकित्सा की आवश्यकता हो सकती है, यह जानने के लिए कि उनकी ध्वनियाँ कैसे बोली जाती हैं। क्योंकि ये दोनों ऐसे कौशल हैं जिन्हें बच्चों ने अभी तक हासिल नहीं किया है, चिकित्सा का उद्देश्य आवास है।

Rehabilitation. पुनर्वास का तात्पर्य उन कौशलों, योग्यताओं या ज्ञान को पुनः प्राप्त करना है जो बीमारी, चोट या विकलांगता प्राप्त करने के परिणामस्वरूप खो गए हैं या समझौता कर लिए गए हैं।

उदाहरण के लिए – एक 30 वर्षीय व्यक्ति जो एक सक्रिय धावक है, एक चट्टान पर यात्रा करता है और उसके टखने को घायल कर देता है। अपनी चोट के कारण, यह आदमी लंगड़ा कर चलने या दौड़ने में असमर्थ है और पहले की तरह चलने और दौड़ने में सक्षम होने के लिए एक भौतिक चिकित्सक की मदद लेता है। इस चिकित्सा का उद्देश्य पुनर्वास माना जाता है, जिससे इस व्यक्ति को खोए हुए कौशल को पुनः प्राप्त करने में मदद मिलती है।

Unit-1.3

Definition, categories (Benchmark Disabilities) & the legal provisions for PWDs in India- भारतीय पुनर्वास परिषद (RCI) – विकलांगों के लिए 1981 को अंतरराष्ट्रीय वर्ष घोषित किया गया । तभी से भारत सरकार विकलांगों के पुनर्वास पर पूरा ध्यान केंद्रित कर रही है। प्रशिक्षित मानव संसाधनों की कमी के कारण देश में पुनर्वास सेवाओं का अपेक्षित विस्तार नहीं हुआ। इस चित्र में कुछ संस्थाएं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन तो कर रही थी पर ना तो इनके पाठ्यक्रमों में कोई समानता थी ना ही परस्पर संयोजन। विकलांगता के क्षेत्र में चल रहे वर्तमान प्रशिक्षण कार्यक्रम संभवत एकांकी तथा इन पाठ्यक्रमों का एक मानक पूर्व स्नातक, स्नातकोत्तर, स्तर पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के शिक्षण पाठ्यक्रमों में समरूपता का अभाव था। इन कमियों को ध्यान में रखकर कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए भारत सरकार ने 6 मई 1986 को भारतीय पुनर्वास परिषद के गठन का निर्णय लिया।जिसके दायित्व निम्नलिखित हैं।

- प्रशिक्षण नीति एवं कार्यक्रम बनाना ।
- निशक्तता के क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यवसायिको के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के मानवीकरण का कार्य करना।
- प्रशिक्षण कार्यक्रमों को संचालित करने वाली संस्थाओं को मान्यता देना।
- पुनर्वास व्यवसाई को का केंद्रीय पुनर्वास पंजिका में पंजीकृत कर उसका रखरखाव करना।
- पुनर्वास एवं विशेष शिक्षा के अनुसंधान को बढ़ावा देना।

परिषद को वैधानिक अधिकार देने तथा उसके कार्यों को प्रभावी ढंग से संपादित करने के लिए 1991 में संसद में एक विधेयक प्रस्तुत किया गया, जिसे भारत के राष्ट्रपति ने 1 दिसंबर 1992 को मंजूरी दी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार ने अधिनियम के रूप में 22 जून 1993 को इसकी अधिसूचना जारी की। इसे भारतीय पुनर्वास परिषद 1992 के नाम से जाना जाता है।

इस प्रकार भारतीय पुनर्वास परिषद 1986 में एक पंजीकृत संस्था के रूप में आई। जिसे 22 जून 1993 में वैधानिक निकाय का दर्जा प्राप्त हुआ।

विकलांगों के पुनर्वास एवं शिक्षा प्रशिक्षण के क्षेत्र में भारतीय पुनर्वास परिषद दुनिया में अपनी तरह की अकेली संस्था हैं ।

इसका मुख्य उद्देश्य विकलांगों के जीवन चक्र की आवश्यकताओं को पूरा करना है जो इस प्रकार हैं :–

Notes For Pyssum
EXAM TRICKY
SPECIAL EDUCATION

शारीरिक चिकित्सा एवं पुनर्वास

- शैक्षिक पुनर्वास
- व्यवसायिक पुनर्वास
- सामाजिक पुनर्वास

भारतीय पुनर्वास परिषद के उद्देश्य :–भारतीय पुनर्वास परिषद का मुख्य उद्देश्य निशक्त का क्षेत्र में आवश्यकता के अनुरूप मानव संसाधनों का विकास करना है इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु भारतीय पुनर्वास परिषद निम्नलिखित कार्य करती है।

- निशक्त जनों के पुनर्वास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं नीतियों को सुनियोजित करना।
- भारतीय पुनर्वास परिषद एक उच्च स्तरीय प्रशिक्षण पाठ्यचर्या संचालित एवं विकलांगों के साथ कार्यरत लोगों के लिए पुनर्वास के क्षेत्र में व्यवसायीकरण करना।
- निशक्त व्यक्तियों से संबंधित विभिन्न प्रकार के व्यवसायिको को शिक्षा प्रशिक्षण के लिए न्यूनतम मानक निर्धारित करना।
- इन मांनको को देश भर के सभी प्रशिक्षण संस्थान में सामान्य रूप से नियमित करना।
- निशक्तजन मृत्यु के पुनर्वास के क्षेत्र में डिग्री /डिप्लोमा/ परास्नातक डिप्लोमा /सर्टिफिकेट) प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम चलाने वाले संस्थानोंध विश्व विद्यालयों को मान्यता प्राप्त करना और जहां मानक के अनुरूप कार्य हो रहा है वहां मान्यता रद्द करना।
- विश्वविद्यालयध्स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा परस्पर आधार पर प्रदान की गई डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम को मान्यता प्रदान करना।
- केंद्रीय स्तर पर पुनर्वास के क्षेत्र में मान्यता प्राप्त व्यक्तियों का लेखा–जोखा रखना तथा उन्हें देश भर के किसी भी भाग में कार्य करने की मान्यता देना।
- उन संस्थानों से सहयोग और सामान्य से रखना तथा उन्हें प्रोत्साहित करना जो निशक्तःजनों के पुनर्वास में सतत शिक्षा प्रदान कर रही है।

भारतीय पुनर्वास परिषद को पुनर्वास शिक्षा में शोध करने का उत्तरदायित्व भी है। भारतीय पुनर्वास परिषद पुनर्वास के क्षेत्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम अथवा विभिन्न प्रकार की विकलांगता के क्षेत्र में स्वतः पाठ्यक्रमों का संचालन नहीं करती है। इसके अंतर्गत मान्यता प्राप्त संस्थाएं शिक्षण तथा प्रशिक्षण द्वारा पुनर्वास के क्षेत्र में मानव संसाधनों का विकास कर रही है। यह विभिन्न प्रकार की कार्यशालाओं,सम्मेलनों के माध्यम से क्रमबद्ध रूप से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुनर्वास के क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों/ व्यवसायिको के ज्ञान और कौशल में वृद्धि करने का कार्य करती है।

निशक्तजन (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995 Person with Disability (Equal opportunity, Full participation Protection of rights)Act –1995 निशक्तजन अधिनियम एशिया और प्रशांत क्षेत्र संबंधी आर्थिक और सामाजिक आयोग द्वारा निशक्त व्यक्तियों की एशियाई और प्रशांत क्षेत्र शताब्दी 1993–2002 को आरंभ करने के लिए 1 दिसंबर से 5 दिसंबर 1992 को पेंइचिग मे बुलाए गए अधिवेशन में एशियाई और प्रशांत क्षेत्र में निशक्त व्यक्तियों की पूर्ण भागीदारी और समानता संबंधी उद्घोषणा को अंगीकृत करने के पश्चात अस्तित्व में आया।

संसद के दोनों सदनों द्वारा लोकसभा में 12 दिसंबर 1995 और राज्यसभा में 22 दिसंबर 1995 को पारित हुआ। यह अधिनियम 7 फरवरी 1996 को लागू किया गया। इस अधिनियम में 14 अध्याय हैं।

1. **प्रारंभिक** :– प्रारंभिक अध्याय में मुख्यता विकलांगता ओं के प्रकारों और उनकी परिभाषा ऊपर चर्चा किया गया है। इसके साथ ही साथ इस अध्याय में निशक्तजन के नियोजन, पुनर्वास, रोजगार, संबंधी संप्रत्यय की व्याख्या की गई है। यह अधिनियम सात प्रकार की विकलांगता ओं को दर्शाता है।

- दृष्टिबाधित
- अल्प दृष्टि
- कुष्ठ रोग

Notes For Pyssum
EXAM TRICKY
SPECIAL EDUCATION

- श्रवण बाधित
- चलन निशक्तता
- मानसिक मंदता
- मानसिक रुग्णता

इन सातों प्रकार की विकलांगता ओं को अध्याय में परिभाषित भी किया गया है

2. **केंद्रीय समन्वय समिति** :– दूसरे अध्याय में मुख्यता बताया गया है कि केंद्र सरकार एक केंद्रीय समन्वय समिति का गठन करेगी जो इस अधिनियम के अंतर्गत दी गई शक्तियों की सहायता से अधिनियम की शर्तो प्रावधानों का पालन करने का कार्य करेगी। इस समिति का गठन निम्न सदस्यों को मिलाकर किया जाएगा।

केंद्रीय सरकार के कल्याण विभाग का मंत्री इस समिति का पदेन अध्यक्ष होगा एवं केंद्रीय सरकार के कल्याण विभाग का राज्यमंत्री उपाध्यक्ष।

इस समिति में कुल 23 सदस्य होते हैं और कार्यकारी समिति हर तीसरे माह बैठक आयोजित करती है इसमें से पांच व्यक्ति निशक्तता से ग्रसित होते हैं।

3.राज्य समन्वय समिति :– अधिनियम के अनुसार प्रत्येक राज्य एक राज्य समन्वय समिति का गठन करेगा। जो इस कानून के तहत अधिकारों के अनुसार कार्य करती है। राज्य के समाज कल्याण मंत्री, विकलांग कल्याण मंत्री इस समिति के अध्यक्ष होंगे। इस समिति की बैठक 6 महीने पर होती है। जिसमें गतिविधियों के क्रियान्वयन पर विचार किया जाता है।

4. निशक्तता का निर्धारण एवं शीघ्र हस्तक्षेप :– निशक्त जन अधिकार अधिनियम के इस अध्याय में बताया गया है कि निशक्तता कि शीघ्र पहचान एवं निवारण हेतु सरकारी अपने पास उपलब्ध संसाधनों के अनुसार निम्न कृतियों को कर सकती है।

- विकलांगता होने के कारणों से संबंध रखने वाले सर्वेक्षण खोज और अनुसंधान का दायित्व।
- विकलांगता के रोकथाम के विभिन्न तरीकों को प्रोत्साहित करना।
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना।
- निशक्तता के निवारण हेतु जन जागरण के कार्यक्रमों का संचालन करना।
- जनता को सामाजिक कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी, बालवाड़ी, कार्यकत्रियों के माध्यम से विकलांगता के प्रति जागरूक करना।
- निशक्तता के निवारण हेतु किए जाने वाले उपायों को प्रिंट, मीडिया, रेडियो, टेलीविजन के माध्यम से जनसाधारण तक पहुंचाना।
- स्वास्थ्य सुरक्षा, साफ सफाई के प्रति जन जागरण कार्यक्रमों का आयोजन करना।

5. शिक्षा (Education) केंद्र तथा राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित कराना होगा कि हर अक्षम बच्चे को 18 वर्ष की उम्र तक मुफ्त और समुचित शिक्षा मिले । अक्षम छात्रों को सामान्य विद्यालयों के साथ जोड़ें और जिन्हें विशेष शिक्षा की जरूरत है। सरकारी तथा निजी क्षेत्रों में विद्यालयों में अक्षम बच्चों के लिए व्यवसाय प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराएं।

सरकार अक्षम बच्चों को परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराएगी। तथा अक्षम बच्चों को छात्रवृत्ति देगी।अक्षम बच्चों के हित को ध्यान में रखकर पाठ्यक्रम में आवश्यक बदलाव करेगी।

6. रोजगार (Employment) सरकार ऐसे पदों की पहचान करेगी । जो अक्षमता से ग्रसित व्यक्तियों के लिए आरक्षित किए जा सकते हैं । आरक्षण 3ः से कम नहीं होगा। क्षमताओं में से प्रत्येक के लिए 1ः होगा । दृष्टिहीन , श्रवण बाधित , शारीरिक विकलांगता ।सरकारी कार्यालयों में अक्षमता से ग्रसित व्यक्तियों के लिए पदों को चिन्हित करेगी।

7. सकारात्मक कार्यवाही :– सरकारी निशक्त जनों की सहायता हेतु सहायक यंत्र एवं अन्य साधन जो इन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहायक हो । भवन निर्माण, व्यवसाय, विशेष विद्यालयों, और मनोरंजन आदि को स्थापित करेगी और अक्षम व्यक्तियों को रियायती दरों पर भूमि आवंटित करने की योजना बनाएगी।

8. विभेद ना किया जाना :– सरकारी परिवहन सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का आकलन करने के लिए विशेष उपाय अपनाएगी । जिससे की अक्षम बालक स्वतंत्र पूर्वक सरकारी परिवहन में आ जा सके । रेल के डिब्बे, बस , जल मानो, वायुयानो , को इस तरह से बनाया जाए कि वह आसानी से उन तक पहुंच सके।

- दृष्टिहीन या अल्प दृष्टि वाले व्यक्तियों के लिए जेबरा क्रॉसिंग की व्यवस्था करना।
- रैंप का निर्माण।
- सार्वजनिक स्थानों पर लिफ्ट एवं ब्रेल प्रतीकों की व्यवस्था करना।

9. अनुसंधान एवं मानव संसाधन विकास :– निशक्तता के क्षेत्र में अनुसंधान एवं कार्यक्रम संचालित किए जाने की नितांत आवश्यकता है। इसके अंतर्गत फैक्ट्रियों एवं कार्यालयों में निशक्तता से ग्रसित बच्चों के लिए अनुकूलन संरचनात्मक विशेषताओं के विकास के लिए अनुसंधान कार्य करेंगे। सरकार द्वारा सहायक उपकरणों का विकास रोजगार कार्यक्रम की पहचान कार्यालय में सुधार करने हेतु अनुसंधान किए जाएंगे। साथ ही साथ सरकार द्वारा विद्यालयों एवं अन्य विश्वविद्यालयों, व्यवसाय दिलाने वाली संस्थाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करेंगी। जिससे यह संगठन विशेष शिक्षा पुनर्वास तथा मानव संसाधन विकास पर अनुसंधान कर सके।

10. निशक्त व्यक्तियों के लिए संस्थाओं को मान्यता :– ऐसे व्यक्ति या संस्थाए जो अक्षम व्यक्ति के लिए कार्यरत हैं। उनको इस विधेयक के अंतर्गत आवेदन करना होगा। यदि कोई व्यक्ति अधिनियम के प्रारंभ होने के ठीक पूर्व से निशक्त जनों हेतु संस्था का संचालन कर रहा है तो अधिनियम के प्रारंभ होने से 6 माह तक का संचालन चालू रख सकता है। औरइस छह माह की अवधि में संस्था द्वारा पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन कर दिया जाता है। तो आवेदन पर निर्णय लेने तक संस्था का संचालन चालू रखा जा सकता है।

11. गंभीर रूप से निशक्त व्यक्तियों हेतु संस्था :– निशक्तजन अधिनियम में यह बताया गया है कि प्रत्येक सरकार गंभीर रूप से निशक्त व्यक्तियों हेतु संस्थाओं का संचालन कर सकती है। यदि कोई संस्था पूर्व से ही गंभीर रूप से निशक्तता से ग्रसित व्यक्तियों हेतु कार्य कर रही है तो राज्य सरकार उसे इस अधिनियम के अंतर्गत मान्यता प्रदान कर सकती है ।सामान्यता इस अधिनियम के अंतर्गत उन्हें संस्थाओं को मान्यता प्रदान की जाएगी जो अधिनियम के नियम व शर्तों का पूर्णतः पालन करेगी।

12. निशक्त व्यक्तियों के लिए मुख्य आयुक्त एवं आयुक्त :– केंद्र सरकार को विधेयक लागू करने के लिए एक मुख्य आयुक्त को नियुक्त करना होगा। मुख्य आयुक्त एकाधिक आयुक्तों के कार्य में समन्वय स्थापित करेगा। केंद्र सरकार द्वारा किए गए फन्ड के उपयोग को जांचेगा । राज्य स्तर पर आयुक्तों की भी समान जिम्मेदारी होगी। जो निशक्त व्यक्तियों के कल्याण और अधिकार की रक्षा करने के लिए सरकार द्वारा निर्गत कानूनों, निर्देशों को लागू न होने से संबंधित शिकायतों को सुनेंगे।

13. सामाजिक सुरक्षा :– इस अधिनियम के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी सरकारें अपने पास उपलब्ध संसाधनों के आधार पर विकलांग व्यक्ति हेतु कार्य करने वाली गैर सरकारी संस्थाओं एवं संगठनों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करा सकती है। निशक्त जनों हेतु बीमा योजना का संचालन ऐसे निशक्तजन जो विशेष रोजगार कार्यक्रमों में 2 वर्ष की अवधि से अधिक समय से पंजीकृत हैं। एवं उन्हें अभी तक रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जा सकता है उनके लिए बेरोजगारी भत्ता की व्यवस्था की जाएगी।

14. अन्य :– इस अधिनियम के अंतर्गत निशक्त जनों हेतु उपलब्ध सुविधाओं का उपयोग यदि कोई व्यक्ति छल पूर्वक करता है । या उपभोग करने का प्रयास करता है। तो उसे 2 वर्ष का कारावास व 20,000 तक के जुर्माने का प्रावधान है। ऐसे कानून को लागू करने के लिए मुख्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 21 के अंतर्गत लोक सेवक समझा जाएगा ।अधिनियम के उप बंधुओं को कार्यान्वित करने के लिए अधिसूचना जारी कर आवश्यकता अनुसार नियम बना सकती है।

RPWD ACT –आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 – पीडब्ल्यूडी एक्ट 1995 के स्थान पर Rpwd act 2016 लाया गया। आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 में पीडब्ल्यूडी एक्ट 1995 में मौजूदा विकलांगता के 7 प्रकारों से बढ़कर 21 प्रकार कर दिए गए और साथ ही यह भी सुनिश्चित कर दिया गया कि केंद्र सरकार के पास और विकलांगता के प्रकार जोड़ने की शक्ति भी होगी।आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016

Notes For Byssum

वर्ष 2016 में संसद के द्वारा पारित कर दिया गया, जिसको लागू 15 जून 2017 से किया गया। इस आर पीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 में पीडब्ल्यूडी एक्ट 1995 की जगह ली।

आरपीडब्ल्यूडी 2016 में 21 विकलांगता ओं का वर्णन है।

1.अंधापन

2. कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति

3. कम दृष्टि

4. लोकोमोटर विकलांगता

5. बौद्धिक विकलांगता

6. मस्कुलर विकलांगता

7. बेसिक सीखने की क्षमता

8. भाषण और भाषा विकलांगता ैस्क्)

9. हीमोफीलिया

10. बहरापन

11. ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार

12. सुनवाई हानि

13. बौनापन

14. मानसिक बीमारी

15. सेरेब्रल बीमारी

16. जीर्ण तंत्रिका संबंधी बीमारी

17 मल्टीपल स्क्लेरोसिस

18. थैलेसीमिया

19. सिकलसेल रोग

20. एसिड अटैक लोग

21. पार्किंसंस रोग

आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 में पहली बार भाषण और भाषा विकलांगता को जोड़ा गया है, इसमें एसिड अटैक को भी शामिल किया गया है। तथा बीमारी थैलेसीमिया, हीमोफीलिया, सिकलसेल रोग भी पहली बार शामिल किए गए हैं। आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 में सरकार के पास यह अधिकार है, कि वह अन्य किसी विकलांगता को इस सूची में शामिल कर सकेंगे।

उपर्युक्त सरकारों पर जिम्मेदारी भी डाली गई है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि विकलांग व्यक्ति दूसरों के साथ समान रूप से अधिकारों का आनंद ले सकें।

इस एक्ट के तहत उच्च शिक्षा सरकारी नौकरियों में आरक्षण मिलेगा भूमि के आवंटन में भी आरक्षण होगा गरीबी उन्मूलन योजना का लाभ होगा।

Notes For Pyssum
EXAM TRICKY
SPECIAL EDUCATION

आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 के अंतर्गत 6 से 18 वर्ष की आयु के बीच बेंचमार्क विकलांगता वाले प्रत्येक बच्चों को मुफ्त शिक्षा अधिकार दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री सुलभ भारत अभियान को मजबूत करने के लिए निर्धारित समय सीमा में सरकारी भवनों में पहुंचे सुलभ की जाएगी।

बेंचमार्क विकलांगता वाले जो भी व्यक्ति होंगे उनके लिए सरकारी संस्थानों में रिक्तियों का आरक्षण 3: से बढ़ाकर 4: किया जाएगा।

आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 में जिला न्यायालय द्वारा संरक्षकता प्रदान करने के प्रावधान है।

विकलांग व्यक्तियों के लिए मुख्य आयुक्त के कार्यालय को मजबूत भी किया जाएगा जिन्हें अब दो आयुक्तों और एक सलाहकार समिति द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी।

आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 में विकलांग राज्य आयुक्तों के कार्यालयों को मजबूती प्रदान की जाएगी, जिन्हें एक सलाहकार समिति द्वारा सहायता भी प्रदान की जाएगी।

आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 के अंतर्गत विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों के लिए मुख्य आयुक्त और राज आयुक्त शिकायत निवारण एजेंसियों के रूप में कार्य करेंगे तथा अधिनियम के कार्यान्वयन की निगरानी भी करेंगे।

आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम चिंताओं को दूर करने के लिए राज्य सरकार द्वारा जिला स्तरीय समितियों का गठन किया जाएगा और संविधान और ऐसी समितियों के कार्यों का विवरण नियम में राज्य सरकारों द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 में विकलांग व्यक्तियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसके लिए राष्ट्रीय और राज्य कोष का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही ट्रस्ट फंड को राष्ट्रीय कोष के साथ सदस्यता भी दी जाएगी।

इस विधेयक में विकलांग व्यक्तियों के खिलाफ किए गए अपराधों के लिए दंड का प्रावधान होगा और कानून का उल्लंघन करने पर मजबूती से दंड का प्रावधान दिया जाएगा।

आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 अधिनियम का उल्लंघन करने से संबंधित मामलों के लिए सभी जिले में विशेष न्यायालयों को नामित किया जाएगा।

Notes For Rvssm
EXAM TRICKY
SPECIAL EDUCATION

National Trust Act –1999 **(राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999)** राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा संचालित अधिनियम है। इसे राष्ट्रीय (मानसिक मंदता, प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात, शालीनता एवं विकलांगता ग्रस्त का कल्याण) न्यास अधिनियम 1999 भी कहा जाता है इस अधिनियम के अंतर्गत उक्त चारों विकलांगता हेतु एक न्यास बनाने की बात कही गई है। यह अधिनियम 30 दिसंबर सन 1999 में महामहिम राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद लागू किया गया। इसमें कुल 9 अध्याय हैं।

1. प्रारंभिक :– विकलांगता से संबंध रखने वाले अन्य नियमों की तरह इस अधिनियम में भी प्रर्युक्त विशेष शब्दों एवं शिक्षकों को परिभाषित किया गया है। इस अध्याय में न्यास के अध्यक्ष, मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा सदस्यों की नियुक्ति एवं चुनाव के साथ–साथ 4 विकलांग अदाओं को परिभाषित किया गया है। इनके अतिरिक्त इस अध्याय के अंतर्गत व्यवसायिक, पंजीकरण, न्यास तथा गंभीर विकलांगता इत्यादि को परिभाषित किया गया है।

2. राष्ट्रीय न्यास :– यह अध्याय स्वलीनता, मानसिक मंदता, प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात, एवं बहु विकलांगता हेतु राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के नाम से जाना जाता है। इस अध्याय में यह निर्देशित किया गया है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा एक समिति का गठन किया जाएगा जिसके लिए अध्यक्ष, सदस्य, सचिव की नियुक्ति की जाएगी। न्यास का अध्यक्ष किसी ऐसे व्यक्ति को ही बनाया जाएगा जो मानसिक मंदता, स्वलीनता, प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात, विकलांगता के क्षेत्र में कार्य करने का पर्याप्त अनुभव रखता हो। न्यास के अध्यक्ष एवं सदस्य का कार्यकाल नियुक्ति तिथि से 3 वर्ष का होता है। न्यास के उद्देश्य एवं कार्यों के संचालन हेतु एक मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी जो संयुक्त सचिव स्तर का होगा।

3. न्यास के लक्ष्य :– न्यास का मुख्य उद्देश्य निशक्त जनों को अधिकारों से पूर्ण एवं आत्मनिर्भर बनाना है। निशक्त जनों एवं उनके परिवार को सहायता प्रदान करके उन्हें मजबूती प्रदान करना। परिवार ही निशक्त व्यक्तियों की सहायता करना। जिन निशक्त व्यक्तियों के अभिभावक जीवित नहीं रहते उनके लिए अभिभावक की नियुक्ति करना। इसके साथ ही साथ निशक्त व्यक्तियों के लिए समान अवसर अधिकारों का संरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी उपलब्ध कराना न्यास का मुख्य लक्ष्य है।

4. बोर्ड के अधिकार एवं कर्तव्य :– बोर्ड केंद्रीय सरकार से 100 करोड़ का सुरक्षित फंड अपने पास रखेंगा । उससे होने वाली आय को निशक्त व्यक्तियों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए खर्च करेगा।बोर्ड, न्यास के उद्देश्यों की पूर्ति एवं न्यास में पंजीकृत संस्थाओं द्वारा न्यास के सहजन से चलाए जा रहे कार्यक्रमों को सुचारू रूप से चलाने के लिए किसी भी व्यक्ति से उसकी संपत्ति का वसीयतनामा या दान प्राप्त कर सकेगा। साथ ही केंद्रीय सरकार से प्रत्येक वित्तीय वर्ष में अनुदान भी प्राप्त कर सकेगा।

. बोर्ड केंद्रीय सरकार से उतनी ही राशि प्राप्त कर सकेगा जितनी अनुमोदित कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने के लिए पंजीकृत संगठनों को वित्तीय सहायता के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष में आवश्यक समझी जाए।

5. पंजीकरण की प्रक्रिया :– निशक्त जनों के पुनर्वास के क्षेत्र में कार्य करने वाला कोई संगठन, निशक्त व्यक्तियों की समिति, अभिभावक संगठन या कोई स्वयंसेवी संगठन जिसका मुख्य उद्देश्य निशक्त व्यक्तियों के कल्याण का सम्वर्धन करना हो , पंजीकरण के लिए उचित रीति, मध्यम एवं आवेदन शुल्क, आवश्यक दस्तावेजों के साथ न्यास द्वारा निर्धारित पटल पर आवेदन कर सकता है। आवेदन प्राप्त होने पर न्यास संगठन के द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचनाओं का सत्यापन कराकर यह निर्णय लेगा की संगठन का पंजीकरण किया जाएगा या नहीं, आवेदन को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार न्यास के पास सुरक्षित रहेगा। और आवेदन निरस्त होने की दशा में न्याय द्वारा आवेदन की समस्त त्रुटियों को बताएगा। संगठन चाहे तो उन त्रुटियों को निस्तारण कर पुनः आवेदन कर सकता है।

6. स्थानीय स्तर की समितियां :– अधिनियम के अनुसार प्रत्येक जिला स्तर पर एक स्थानीय समिति का गठन किया जाएगा जिसमें अध्यक्ष जिला अधिकार या आयुक्त से कम का ना हो। ,इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय न्यास के तहत पंजीकृत किसी भी संस्था का प्रमुख या प्रतिनिधि एक निशक्त व्यक्ति सदस्य के रूप में सम्मिलित किया जाएगा। समिति का कार्यकाल 3 वर्ष का होगा । यह समिति निशक्त व्यक्तियों हेतु अभिभावकों के लिए आवेदन प्राप्त करेगी इसके अतिरिक्त न्यास में पंजीकृत कोई भी संस्था इस कार्य के लिए आवेदन कर सकती है।

7. जवाबदेही और परिवेक्षण :– बोर्ड के पास उपलब्ध पुस्तकें एवं दस्तावेज किसी भी पंजीकृत संस्था के अवलोकन हेतु सदैव उपलब्ध रहेंगे।कोई भी संस्था न्यास के पास उपलब्ध पुस्तक एवं अन्य दस्तावेजों की प्रति हेतु लिखित रूप से आवेदन कर सकती है। न्यास के लिए नियम बना सकती है।न्यास ऐसी संस्था या संगठन जो इस अधिनियम के उप बंधुओं के तहत पंजीकृत है एवं न्यास द्वारा वित्तीय सहायता को प्राप्त करके निशक्त जनों के कल्याण कार्यक्रमों का संचालन कर रहा है इसके समस्त वी नियमों का निरीक्षण एवं उसका सत्यापन करेगा। न्यास प्रत्येक वर्ष पंजीकृत संगठनों का एक अधिवेशन बुलाएगा।

8. वित्त लेखा और संपरीक्षा :– न्यास द्वारा जो भी अनुदान प्राप्त किया गया हो, उसे न्यास के प्रशासनिक कार्यों एवं स्वयं द्वारा संचालित कार्यक्रमों के संचालन हेतु प्रयोग में ला सकता है। न्यास वार्षिक बजट को बनाकर पूर्व निर्धारित समय से केंद्रीय सरकार के पास भेज सकता है ताकि उसे संसद में प्रस्तुत किया जा सके, न्यास अपने समस्त वार्षिक आय–व्यय की एक आख्या बनाएगा एवं इसी सरकार के पास भेजेगा। साथ ही साथ इस आख्या को भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक से समय–समय पर सत्यापित कर आएगा।

9. अन्य :–

- निर्देश जारी करने की केंद्र सरकार की शक्ति
- बोर्ड का अतिक्रमण करने की केंद्र सरकार की शक्ति।
- आय पर कर से छूट
- सद्भावना से की गई कार्यवाही के लिए सुरक्षा
- नियम बनाने की शक्ति

EXAM TRICKY SPECIAL EDUCATION Notes For Byssun

Unit –1.4

An overview of Causes, Prevention, prevalence & demographic profile of disability: National and Global (विकलांगता के कारणों, रोकथाम, व्यापकता और जनसांख्यिकीय प्रोफाइल का अवलोकनः राष्ट्रीय और वैश्विक)

विकलांगता के कारण :–

1. गर्भधारण के पूर्व के कारक

2. गर्भावस्था के समय के कारण

3. जन्म के समय के कारण

गर्भधारण से पूर्व के कारण

- नजदीकी से में शादी होना।
- मां का उम्र में कम या ज्यादा होना।
- कुपोषण या स्वास्थ्य का खराब होना।
- मादक पदार्थों का सेवन।
- अनुवांशिकता या वंशानुगत

गर्भावस्था के समय के कारण :–

- गर्भवती महिला को प्रथम 3 महीने में ऐसे संक्रमण का होना, जो गर्भ में बालक के मस्तिष्क पर प्रभाव डालें। जैसे खसरा, टीवी आदि ।
- गर्भावस्था में मां का उच्च रक्तचाप या मधुमेह या निम्न रक्तचाप होना, रक्त की कमी होना।,
- चोट लगने से ,भारी सामान उठाने से।
- बिना डॉक्टर की सलाह के दवाई का सेवन करने से।
- गर्भवती स्त्री को मदिरा , धूम्रपान का सेवन करने से।
- गर्भावस्था के दौरान अधिक एक्सरे करवाने से।
- पोषाहार की कमी।

EXAM TRICKY
Notes For Pyssum
SPECIAL EDUCATION

जन्म के समय के कारण :–

- समय से पूर्व बच्चे का जन्म होना।
- जन्म के समय ऑक्सीजन की कमी होना।
- मां का अत्यधिक खून बह जाना।
- अत्यधिक कम वजन होने पर।
- मां को दी गयी बेहोशी के कारण।
- लंबे समय से प्रसव पीड़ा होने के कारण।

जन्म के बाद :–

- जन्म के 2 वर्ष के जीवन काल में बच्चे को अधिक कुपोषण के कारण।
- दवाइयों के कुपोषण के कारण।
- यदि बच्चों को बार–बार मिर्गी के दौरे आ रहे हो।
- टीकाकरण समय से ना होने के कारण।

रोकथाम (Prevention) –अक्षमता की रोकथाम मुख्यतः तीन प्रकार की होती है। हमारे देश की कुल जनसंख्या का 10ः व्यक्ति किसी न किसी अक्षमता से ग्रसित है। यह अक्षम व्यक्ति अपने परिवार व समाज के ऊपर बहुत समझे जाते हैं।रोकथाम इलाज से बेहतर उपाय है। रोकथाम के विभिन्न उपायों में से समाज में व्यक्ति को विकलांगता के दुष्प्रभावों से बचाया जा सकता है। रोकथाम के कार्य निम्नलिखित स्तर पर किए जाते हैं।

1. प्राथमिक स्तर

2. द्वितीयक स्तर

3. तृतीयक स्तर

प्राथमिक स्तर :– इसमें रोगों से बचने के लिए जो भी उपाय किए जाते हैं उसे प्राथमिक रोकथाम कहते हैं ।

- निकट रक्त संबंध में शादी ना करना।
- सुरक्षित गर्भावस्था
- पौष्टिक आहार
- संक्रमित रोगों से बचाव
- गर्भावस्था की नियमित जांच
- सुरक्षित प्रसव
- मां की आयु

द्वितीयक रोकथाम :– यदि कोई रोग द्वितीय ग्रुप के अंतर्गत आता है तो इसके लिए चिकित्सकीय इलाज कराना पड़ता है।चिकित्सकीय के कारण शीघ्र पहचान बहुत आवश्यक होती है। उन सभी व्यक्तियों का इलाज व पहचान जल्द से जल्द होना चाहिए। जिससे विकलांगता भयानक रूप ना ले सके।

जैसे– यदि किसी बच्चे को आंख में देखने में समस्या होती है, तो उसे जल्द से जल्द नेत्र चिकित्सक के पास ले जाना चाहिए। जिससे उस बच्चे की समस्या का निदान हो सके और अगर समय पर इलाज ना हुआ तो बच्चा दृष्टि बाधित हो सकता है।

तृतीयक रोकथाम :– यह रोकथाम का अंतिम चरण है जब रोग अक्षमता का रूप धारण करता है तो उसके पुनर्वास के लिए जो भी कार्य किए जाते हैं तृतीयक रोकथाम के अंतर्गत आते हैं।

जैसे :– यदि कोई व्यक्ति गामक अक्षमता से ग्रसित हो तो उसे चलने फिरने में कठिनाइयों से बचाने के लिए तथा उसका पुनर्वास करने के लिए उस गामक अक्षमता वाले व्यक्ति के लिए ट्राईसाईकिल ,वैशाखी उपलब्ध करा सकते हैं।

एपिडेमियोलॉजी वह विज्ञान है। जो किसी भी रोग के वितरण दोष, अक्षमता या मृत्यु का अध्ययन करता है। इसके अंतर्गत जनसंख्या की कुछ दशा के मामलों की संख्या का अध्ययन भी किया जाता है। इसमे जनसंख्या का वर्गीकरण आयु लिंग एवं सामाजिक वर्ग के आधार पर भी होता है।

व्यापकता दर :– इसमें मामलों की कुल संख्या का अध्ययन होता है। बेलपत्र शब्द का अर्थ और पुराने सभी प्रकार के वर्तमान मामलों से है जो एक दिए गए आबादी में निश्चित समय में मिलते हैं।

$$\text{व्यापकतादर} = \frac{\text{सभी वर्तमान मामलों की संख्या (किसी विशिष्ट बीमारी के जो निश्चित समयावधि में मिले}}{\text{दी गई आबादी}} \times 100$$

उदाहरणः– किसी क्षेत्र की 30000 आबादी में एक बीमारी के 200 पुराने तथा 500 मामले 1 वर्ष के अंदर मिलते हैं। तो इसकी व्यापकता दर

Notes For Pyssum
EXAM TRICKY
SPECIAL EDUCATION

200500

——————————————————————————————,×100

30,000

Unit-1.5

Concept, meaning and importance of Cross Disability Approach and interventions; क्रॉस–विकलांगता का अर्थ है, एक स्वतंत्र तरीके से रहने वाले केंद्र के संबंध में, कि केंद्र विकलांग व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्तियों को स्वतंत्र जीवन–यापन सेवाएं प्रदान करता है।

परिभाषाः– यह एक ऐसा दृष्टिकोण है जो विकलांगता के प्रकारों में अंतर नहीं करता है।

दूसरे शब्दों में – यह एक ऐसा दृष्टिकोण है जो व्यापक रूप से सभी प्रकार की अक्षमताओं को एक साथ ध्यान में रखता है और सामूहिक योजना को बढ़ावा देता है।

इस दृष्टिकोण में विशेष उपसमूह पर ध्यान केंद्रित करने से जब भी संभव हो, से बचना चाहिए क्योंकि ''भेद अक्सर सबसे कमजोर लोगों को और अधिक कलंक की ओर ले जाता है।'' यह सामूहिक रूप से नीतिगत निर्णय लेने के बारे में है और विकलांग लोगों के लिए सभी विकलांगों के लिए समान वाट क्षमता प्रदान करता है। यह दृष्टिकोण विकलांगों की विभिन्न श्रेणियों पर सहयोग और नेटवर्क चाहता है। विभिन्न विकलांग व्यक्तियों और विभिन्न क्षमताओं के साथ शामिल हैं।

क्रॉस डिसेबिलिटी दृष्टिकोण के लाभः – क्रॉस–डिसेबिलिटी आंदोलन में उन सभी लोगों को शामिल करने के लिए इंद्रधनुष दृष्टिकोण है, जिन्हें विकलांगता लेबल दिया गया है, वास्तव में कुछ ने इसे विकलांगों के आंदोलन का नाम दिया है।

स्वतंत्रताः जैसा कि हमने क्रॉस डिसेबिलिटी दृष्टिकोण पर चर्चा की है, विकलांगों को समाज में मिलाने के लिए जोखिम प्रदान करता है, विकलांग स्वतंत्र रहना सीखते हैं, समानता के स्तर को प्राप्त करने के लिए स्वतंत्र रूप से काम करते हैं।

पूर्ण नागरिकताः पूर्व में विकलांग व्यक्ति को पूर्ण नागरिक नहीं माना जाता था क्योंकि वे विकलांगता के कारण समाज का सक्रिय हिस्सा नहीं थे, लेकिन क्रॉस डिसेबिलिटी दृष्टिकोण ने निर्णय लेने और भागीदारी करने के अवसर प्रदान किए, उन्हें पूर्ण नागरिक माना जाता था।

- कुल समावेशः
- लीडरशिप को बढ़ावा देनाः
- विकलांगता संबंधी कानूनों का पूर्ण प्रवर्तन और कार्यान्वयन।
- कार्यक्रम–जीवन को बढ़ाने के लिए और यह गरीबी और बेरोजगारी को कम करता है।
- यह जीने का अधिकार सुनिश्चित करता है।
- विकलांगता की शब्दावली में एकरूपता।
- जनता और सरकार के नीति निर्माताओं को मुद्दों और विकलांग लोगों को प्रभावित करने के बारे में शिक्षित करना।

निष्कर्ष–

यह दृष्टिकोण विकलांगता के प्रकारों में अंतर नहीं करता है

यह उन सभी लोगों को शामिल करने के लिए एक इंद्रधनुषी दृष्टिकोण है, जिन्हें विकलांगता का लेबल दिया गया है।

कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि यह एक सुनहरा दृष्टिकोण है जिसके द्वारा हम समावेश और सामान्यीकरण के अपने लक्ष्य तक पहुँच सकते हैं और समानता के अधिकार का संरक्षण संभव है।

EXAM TRICKY SPECIAL EDUCATION
Notes For Pyssum

Unit:–2

Locomotor Disability&Poliomyelitis] Cerebral Palsy/Muscular Dystrophy

Unit 2.1

Locomotor Disability&Poliomyelitis] Cerebral Palsy/Muscular Dystrophyलोकोमोटर विकलांगता– पोलियोमाइलाइटिस, सेरेब्रल पाल्सी / मांसपेशी दुर्विकार

गामक अक्षमता (Locomotor Disability) :– गामक अक्षमता एक ऐसी विकलांगता है। जिसे सामान्य तौर पर देखा जा सकता है क्योंकि जब कोई व्यक्ति किसी चोट या दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो उसका प्रभाव प्रभावित अंग पर स्पष्ट दिखाई देता है।

गामक अक्षमता का तात्पर्य है व्यक्ति की बैठने–उठने, चलने, कूदने के साथ–साथ किसी वस्तु तक पहुंचने, पकड़ने, उठाने एवं ले जाने में कठिनाई का होना। अर्थात ऐसी समस्याओं से ग्रसित व्यक्ति को गामक अक्षम व्यक्ति कहा जा सकता है।

गामक अक्षमता जन्मजात भी हो सकती है अथवा जन्म के उपरांत किसी भी अवस्था में हो सकती है। जन्मजात गामक अक्षमता के अंतर्गत शिशु का पांव टेढ़ा, मुड़ा हुआ तथा अविकसित अंग वाला हो सकता है। यह समस्याएं भविष्य में गामक अक्षमता का गंभीर रूप ले सकती हैं।

- **अंगों की गति में प्रतिबंध**–यह एक ऐसी अवस्था है, जिसमें शारीरिक क्षति के कारण व्यक्ति की हड्डियों, मांसपेशियों एवं जोड़ो को सामान्य रूप से कार्य करने में बाधा हो।

भारतीय पुनर्वास परिषद 1992 के अनुसार :– ''व्यक्ति की अस्थियों, मांसपेशियों तथा नसो के क्षतिग्रस्त होने के कारण उसकी भुजाओं अंगो या शरीर के अन्य भागों की क्रियाओं में सीमितता को गामक अक्षमता कहते हैं।''

अतः कंकाल तंत्र एवं गामक क्रियाकलाप से संबंधित कमियां एवं समस्याएं शारीरिक अक्षमता को दर्शाती हैं। गामक अक्षमता शरीर की रचना और कार्य को प्रभावित करती है जिसके कारण गामक क्रियाकलाप सीमित हो जाते हैं।

- **पोलियो (Poliomyelitis)–**पोलियो, वायरस संक्रमण से होने वाली असमानता है। पोलियो वायरस की रीढ़ की हड्डी की एन्टीरियर हार्नसेल को क्षतिग्रस्त कर देता है। जिसके फलस्वरूप अक्षमता हो जाती है। सर्दी–जुकाम, दस्त से ग्रसित एवं कमजोर बच्चों को वायरस से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। पोलियो जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को होता है। परंतु 6 मार्च से 2 वर्ष की आयु के बच्चों को अधिकतर होता है । 18 महीने तक की उम्र में बच्चे अधिक संख्या में पोलियो से ग्रसित होते हैं।

वायरस का संक्रमण गति को नियंत्रित करने वाली नाड़ियों की कोशिकाओं को प्रभावित करता है। ऐसे वातावरण जहां पोषण की स्थिति खराब तथा शौचालय की कमी होती है। वहां पोलियो ग्रस्त बच्चे के मल से यहां वायरस स्वस्थ बच्चे के मुंह तक पहुंच कर प्रभावित करते हैं। यह वायरस पीने के पानी या खाद्य पदार्थों में मक्खियों द्वारा या गंदे हाथों द्वारा पहुंचकर दूसरे बच्चों को प्रभावित कर देते हैं। यदि वातावरण अच्छा है तो भी इसके वायरस ठीक एवं खांसी द्वारा फैलते हैं। यह वायरस स्पाइनल कार्ड के एटीरियर हार्न सेल के ग्रे– मैटर को भेजता है। इसी एटीरियर नर्व की क्षति के कारण मांसपेशियों में तनाव सिथिल या कम हो जाता है।

पोलियो के मुख्यतः तीन वायरस होते हैं–

- लियॉन (Leon)
- लैंसिग (Lansing)

Notes For Pyssum
EXAM TRICKY SPECIAL EDUCATION

➢ ब्रॉन्शाइड (Bronshide)

यह वायरल संक्रामक रोग जिससे एटीरियर हार्न सेल से जुड़ी मांसपेशियों में अल्पकालीन अथवा स्थाई रूप से क्षति हो जाती है, उसे लकवा या बाल पक्षाघात भी कहते हैं। कभी–कभी इस वायरस से जानलेवा बीमारी भी हो सकती है जिससे कम से कम 2ः बच्चों की मृत्यु हो जाती है। ऐसी स्थिति में बच्चे सुचारू रूप से स्वसन क्रिया नहीं कर सकते हैं।

पोलियो से बचाव :– जो बच्चे अस्पताल में पैदा होते हैं उन्हें जन्म के समय ही पोलियो की खुराक पिला दी जाती है। परंतु जो बच्चे घर पर या गांव में पैदा होते हैं, उन्हें जन्म के 6 सप्ताह के अंतर्गत पोलियो की खुराक पिला देनी चाहिए। इस प्रकार पोलियो की रोकथाम हेतु समय सारणी के अनुसार बच्चे का टीकाकरण पूरा होना चाहिए।

➢ पोलियो के टीकाकरण द्वारा प्रतिरक्षण सबसे महत्वपूर्ण है। पोलियो की दवा जन्म के समय से 6 सप्ताह, 10 सप्ताह, 14 सप्ताह, में प्राथमिक खुराक एवं 1 वर्ष में बूस्टर खुराक अवश्य पिलाना चाहिए।

➢ मां का दूध बच्चे को पोलियो के साथ – साथ अन्य सभी प्रकार के संक्रमण से बचाता है । अतः माँ का दूध • पिलाना जरूरी होता है ।

➢ भोजन एवं पानी की स्वच्छ व्यवस्था होनी चाहिए । अतः भोजन सामग्री को मक्खियों से बचाकर रखने हेतु सलाह दिया जाता है ।

➢ व्यक्तिगत सफाई पर विशेष बल दिया जाना चाहिए । भोजन से पहले एवं बाद में हाथ धोने जैसी जरूरतों से बच्चों को अवगत कराना आवश्यक होता है ।

➢ मल – मूत्र निष्कासन का सही प्रबन्ध होना चाहिए , क्योंकि पोलियोग्रस्त बच्चे के मल से ही पोलियो वायरस भोजन , पानी इत्यादि के साथ स्वस्थ बच्चे के मुँह तक पहुँचता है ।

➢ 6 माह से 2 वर्ष तक के बच्चों की विशेष सफाई एवं अच्छे पोषक खाद्य पदार्थ देना चाहिए , क्योंकि कमजोरी की स्थिति में संक्रमण की आशंका बढ़ जाती है ।

➢ यदि बच्चे को सर्दी , बुखार और दस्त हो तो पोलियो वेक्सीन नहीं देनी चाहिए ।

➢ पोलियो वायरस के कारण जब सर्दी – जुकाम होता है तो उस स्थिति में कोई इंजेक्शन नहीं देना चाहिए क्योंकि इससे उत्तेजना होने की आशंका रहती है ।

➢ अतः साधारण सर्दी – खाँसी दिखने पर सूई के लिए तत्परता नहीं दिखानी चाहिए , इससे लाभ के बजाय हानि हो सकती है ।

➢ यदि पोलियो की आशंका हो तो बच्चे की मालिश नहीं करनी चाहिए ।

पुनर्वास कार्यकर्ता का कर्तव्य होता है कि वे जन – जन तक इस संदेश को पहुँचायें कि पोलियो की रोक – थाम हेतु मुख के द्वारा पोलियो ड्राप्स के रूप में दिया जाता है । पोलियो ड्राप्स शरीर में पोलियो वायरस से लड़ने की शक्ति को बढ़ाता है । ये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपलब्ध होता है तथा निःशुल्क दिया जाता है ।

प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात (Cerebral Palsy) – एक प्रसिद्ध चिकित्सक विलियम लिट्स ने 1760 ई० में पाई जाने वाली ऐसी असमानता से संबंधित चिकित्सा की चर्चा की थी, जिसमें हाथ एवं पैर की मांसपेशियों में कड़ापन पाया जाता है।ऐसे बच्चों को वस्तु पकड़ने तथा चलने में कठिनाई होती थी। जिसमें हाथ एवं पैर की मांसपेशियों में कड़ापन पाया जाता है। ऐसे बच्चों को वस्तु पकड़ने तथा चलने में कठिनाई होती थी, जिसे लंबे समय तक लिट्स रोग से जाना जाता था। अब इसे प्रमस्तिष्क पक्षाघात कहा जाता है।

लिट्स ने इसका कारण जन्म के समय ऑक्सीजन की कमी बताया। लेकिन 1977 ईस्वी में सिगमंड फ्रायड ने लिट्स से असहमति व्यक्ति की तथा कहा कि इसका कारण भ्रूण का कुप्रभावित विकास है।

EXAM TRICKY SPECIAL EDUCATION
Notes For Ryssum

मस्तिष्क यह पक्षाघात को अंग्रेजी में सेरेब्रल पाल्सी (Cerebral Palsy) कहते हैं। सेरेब्रल का अर्थ मस्तिष्क के दोनों भाग तथा पाल्सी का अर्थ किसी ऐसी असमानता या क्षति से है जो शारीरिक गति के नियंत्रण को नष्ट करता है। यह जीवन की आरंभिक वर्षों में दृष्टिगोचर होता है। अंतः यह असामान्यताए ंमांसपेशीय शिराओ की कठिनाइयों के फल शुरू होती है। जिसके कारण गति पर नियंत्रण पाने में मस्तिष्क की योग्यता कम अथवा खत्म हो जाती है। कुछ प्रमस्तिष्क किए पक्षाघात वाले व्यक्तियों में मिर्गी तथा मंदबुद्धिता भी पाई जाती है।

प्रमस्तिष्क यह पक्षाघात का अर्थ है मस्तिष्क का लकवा। यह मस्तिष्क क्षति बच्चे के जन्म से पहले, जन्म के समय तथा शिशु अवस्था में हो सकती है। इसमें जितनी ज्यादा मस्तिष्क की क्षति होगी उतना ही अधिक बच्चे में मानसिक क्षमता बढ़ जाती है। अतः स्नायु तांत्रिक दोष के कारण होने वाली स्थिति जिसमें मस्तिष्क क्षतिग्रस्त होने से शरीर संचालन एवं गति प्रभावित होती है। प्रमस्तिष्क पक्षाघात कहलाती है।

परिभाषा :–

बैट्सो एवं पैरेट 1986 के अनुसार :– प्रमस्तिष्क पक्षाघात एक जटिल, अप्रगतिशील अवस्था है जो बच्चे की परिपक्वता से पहले हुई मस्तिष्क की क्षति के कारण उत्पन्न होती है, जिसके फल शुरू मांसपेशियों में सामंजस्य की कमी तथा गामक अपंगता हो जाती है।इसके बावजूद भी संचालन एवं शरीर की स्थितियों तथा उससे जुड़ी समस्याओं को थोड़ा सुधारा जा सकता है।

प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात के कारण (Causes of Cerebral Palsy):– प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात के निम्नलिखित कारण हो सकते हैं।

- प्रायः प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात के मुख्य कारण गर्भावस्था से जुड़े होते हैं । जिस समय शिशु गर्भ में पल रहा होता है।
- अपरिपक्व जन्म प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात का जोखिम भरा कारक होता है । गर्भवती माँ को गम्भीर रक्तस्राव होने से मस्तिष्क अपरिपक्व हो सकता है , जिसके परिणामस्वरूप प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात हो सकती है ।
- जो बच्चे अपरिपक्व अर्थात समय से पूर्व जन्म लेते हैं उनमें फेफड़े का विकास ठीक से न होने के कारण गम्भीर श्वसन समस्या हो सकती है । ऐसा होने से मस्तिष्क को उचित मात्रा में ऑक्सीजन न मिल पाने के कारण प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात हो सकता है ।
- बहुत से प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात से ग्रसित व्यक्तियों के मस्तिष्क में पाये जाने वाले सफेद पदार्थ की असामान्यता देखी गयी है , जो मस्तिष्क से पूरे शरीर को संदेश देने में सहायक होते हैं । परन्तु विशेषज्ञों का मनना है कि सभी अपरिपक्व जन्म लेने वाले बच्चे प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात से प्रभावित नहीं होते हैं ।
- ऐसा बहुतायत विश्वास किया जाता है कि प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात का प्रमुख कारण प्रसव के समय बच्चे को ऑक्सीजन न मिल पाने से है । यदि प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात का कारण जन्म के समय आक्सीजन न मिल पाने से होगा तो बच्चे में निम्नलिखित लक्षण दिखाई दे सकते हैं , जैसे– दौरा पड़ना , चिड़चिड़ापन , घबराहट , श्वसन समस्याएं , खाने की समस्याएं , सुस्ती इत्यादि ।
- ऐसा कुछ ही स्थितियों में होता है कि कठिन प्रसव के दौरान प्रासविक दुर्घटना के कारण मस्तिष्कीय क्षति हो जाए और परिणाम स्वरूप प्रमस्तिष्क पक्षाघात हो जाए । ऐसा होने से प्रमस्तिष्क पक्षाघात के लक्षण शीघ्र ही दिखने लगते हैं।
- बच्चे की ऐसी दुर्घटना, जिसमें मस्तिष्क के बाहरी भाग में रक्त स्राव होने लगे तो उसके परिणाम स्वरूप भी प्रमस्तिष्क पक्षाघात हो सकता है।

प्रमस्तिष्क पक्षाघात के प्रकार :–इस अवस्था का वर्गीकरण करने की कई पद्धतियां हैं। इसका वर्गीकरण करने के लिए अलग–अलग संदर्भ तथा निष्कर्ष हैं। जिसके अनुसार प्रमस्तिष्क पक्षाघात का वर्गीकरण निम्नलिखित प्रकार से किया जा सकता है।

EXAM TRICKY
SPECIAL EDUCATION
Notes For Byssum

1. तीव्रता के प्रमाण के अनुसार वर्गीकरण

2. प्रभावित अंग के अनुसार वर्गीकरण

3. चिकित्सकीय लक्षणों के अनुसार वर्गीकरण

❖ **तीव्रता के प्रमाण के अनुसार वर्गीकरण–**इसके अनुसार व्यक्ति में क्षतिग्रस्तता की गंभीरता को ध्यान में रखकर प्रमस्तिष्क पक्षाघात का वर्गीकरण किया जाता है। जिसके अनुसार इसे तीन भागों में वर्गीकृत किया गया है।

अ. अति अल्प प्रमस्तिष्क पक्षाघात :– इसमें गामक तथा शरीर स्थिति से संबंधित अक्षमता न्यूनतम होती है । यह पूर्णता स्वतंत्र होते हैं। परंतु सीखने में समस्या हो सकती है।

ब. अल्प प्रमस्तिष्क पक्षाघात :– इसमें गामक तथा शरीर स्थिति से संबंधित अक्षमता का प्रभाव अधिक होता है। बच्चा पुनर्वास सेवाओं तथा उपकरणों की मदद से बहुत हद तक विकसित हो सकता है तथा आत्मनिर्भर हो सकता है।

स. गंभीर प्रमस्तिष्क पक्षाघात :– इसमें गामक तथा शरीर स्थिति से संबंधित अक्षमता पूर्णतया प्रभावित होती है। और इससे बच्चे को दूसरो पर बहुत अधिक निर्भर रहना पड़ता है।

❖ **प्रभावित अंगों के अनुसार वर्गीकरण–**बच्चे तथा व्यक्ति के प्रभावित अंगों के अनुसार प्रमस्तिष्क पक्षाघात को निम्न भागों में वर्गीकृत किया गया है।

अ. मोनोप्लीजिया– इसके अन्तर्गत आने वाले प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात में कोई एक हाथ या एक पैर प्रभावित होते हैं । आमतौर पर कोई भी एक हाथ प्रभावित होता है ।

ब. हेमीप्लीजिया– इसमें व्यक्ति के एक ही तरफ के हाथ और पैर दोनों एक साथ प्रभावित हो जाते हैं , जिससे इस अवस्था को हेमीप्लीजिया कहते हैं ।

स. डाईप्लीजिया– इसमें ज्यादातर दोनों पैर या कभी – कभी दोनों हाथ में भी प्रभाव दिखता है । इसे डाईप्लीजिया कहते हैं ।

द. पैराप्लीजिया– इसमें व्यक्ति के कमर के नीचे का भाग अथवा दोनों पैर प्रभावित होते हैं जिससे इस अवस्था को पैराप्लीजिया कहा जाता है ।

य. क्वाड्रिप्लीजिया– इसमें व्यक्ति के दोनों हाथ एवं दोनों पैर अर्थात पूरा शरीर प्रभावित होता है । अतः इसलिए इस अवस्था को क्वाड्रिप्लीजिया कहा जाता है ।

❖ **चिकित्सकीय लक्षणों के अनुसार वर्गीकरण–** प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात से ग्रसित प्रत्येक व्यक्ति की समस्या एवं लक्षण प्रायः अलग – अलग होते हैं । अतः चिकित्सकीय लक्षणों अनुसार इसे मुख्यतः चार भागों में वर्गीकृत किया जाता है , जो निम्नलिखित हैं ।

अ. स्पास्टीसिटी (Spasticity) – इसका अर्थ यह है कि कड़ी या तनी हुई मांसपेशियों में गामक कुशलताएं प्राप्त करने में कठिनाई और धीमापन होता है । बच्चे सुस्त एवं भद्दे दिखते हैं । गति बढ़ने के साथ मांसपेशीय तनाव बढ़ने लगता है । क्रोध या उत्तेजना की स्थिति में मांसपेशियों का कड़ापन और भी बढ़ जाता है । पीठ के बल लेटने पर बच्चों का सिर एक तरफ घुमा हुआ होता है और पैर अन्दर की ओर मुड़ा होता है ।

ब. एथेटोसिस (Athetosis) – इसमें मांसपेशीय तनाव गति के साथ बदलता रहता है । एथेटोसिस का अर्थ है अनियंत्रित गति । बच्चा जब अपनी इच्छा से कोई अंग संचालन करना चाहता है तो उसका शरीर अनियंत्रित गति करने

Notes For Pyssum
EXAM TRICKY
SPECIAL EDUCATION

लगता है । जिससे मांसपेशीय तनाव लगातार बदलता रहता है । एथेटोसिस से प्रभावित बच्चे नन्हें बच्चों की तरह लचीले दिखते हैं ।

स. एटैक्सिया (Ataxia) – इसका अर्थ है अस्थिर और अनियमित गति का होना । इसमें बच्चों का संतुलन खराब होता है । ऐसे बच्चे बैठने या खड़े होने पर गिर जाते हैं । इसमें मांसपेशीय तनाव कम होता है तथा गामक विकास पिछड़ा होता है ।

द. मिश्रित (Mixed Type) – स्पास्टिसिटी और एथेटोसिस दोनों में दिखने वाले लक्षण जब किसी बच्चे में मिले हुए दिखते हैं तो मिश्रित प्रकार का प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात कहलाता है ।

मांसपेशिय क्षरण (Muscular dystrophy) :–मांसपेशियां क्षरण सर्वप्रथम 1890 में पहचानी गई थी। एक वंशानुगत बीमारी है। जो धीरे धीरे उम्र के साथ बढ़ती रहती है। यह स्नायु मांसपेशी विकलांगता के समूह में आती है। जिसमें मुख्य आधारित रूप से गामक नर्व कोशिका रीढ़ रज्जु से पेशी को जाने वाले तंतु एवं स्नायु तंत्रीय जोड़ जो आवेग को रासायनिक प्रविधियों के द्वारा तंतुओं तक पहुंचाता है ।

इसे मायोपैथी के नाम से भी जाना जाता है। इसमें बीमारी अथवा असमानता से मांसपेशी क्रियाएं अवरुद्ध हो जाती हैं। यह पूर्ण रूप से सभी मांसपेशियों को प्रभावित नहीं करता बल्कि कुछ भी भाग जो उसके संपर्क में आते हैं वही प्रभावित होते हैं।

यह एक ऐसी विकृति है जिसमें मांसपेशियों का क्षरण होता है। जिसके परिणाम स्वरूप पेशियों का कार्य प्रभावित हो जाता है। यह अलग–अलग उम्र में अलग–अलग रूप में होती है। यह कुछ बच्चों में शैशवास्था तथा कुछ में किशोरावस्था में होती है। इसमें बाल्यावस्था से ही मांसपेशियों की कमजोरी लगातार बढ़ती रहती है। यह रोग पैदाइशी नहीं होते हैं। इस रोग में बच्चों के दोनों पैर प्रभावित होते हैं। और बाद में शरीर के ऊपरी अंग प्रभावित होते हैं।

इस रोग के कारण बच्चे की चाल असामान्य हो जाती है। जिससे चलने में कठिनाई होती है। श्वसन तंत्र की उचित संचालन के अभाव में श्वसन भी प्रभावित होती है। धीरे–धीरे यहां तंत्रिका तंत्र को भी प्रभावित कर देती है।

मानव शरीर की मांसपेशियों क्षरण के साथ–साथ जब तंत्रिका तंत्र प्रभावित होता है तो उसे मांसपेशी क्षरण अथवा मायोपैथी कहते हैं। यह एक वंशानुगत बीमारी है। जो बच्चे की माता–पिता द्वारा लाया जाता है। यह पुरुषों को महिलाओं की अपेक्षा अधिक होती है। यह एक ही परिवार में दो या तीन बच्चों को प्रभावित करती है। तथा सात पीढ़ी तक प्रभावित कर सकती है।

- **मांसपेशी क्षरण के प्रकार –**लक्षणों,उम्र एवं प्रभाव के आधार पर मांसपेशी क्षरण के निम्नलिखित प्रकार हैं

अ. ड्यूशन मांसपेशी शरण (Duchenne Muscular Dystraphy)

ब. अर्ब जुवेनाइल क्षरण (Erb's Juvenile Dystraphy)

स. इन्फेंटाइल टाइप अथवा फेसिओ ह्यूमरो स्कैपुलर टाइप (Infantile Type or Facio Humero Scapular Type)

- **ड्यूशन मांसपेशी शरण (Duchenne Muscular Dystraphy)** –यह 3 वर्ष से 8 वर्ष के बीच में होने वाली बीमारी है। जो कमजोर नली के जोड़ की मांसपेशियों तक पहुंचती है। इस प्रकार की मांसपेशियों के चरण में मांसपेशियों की जगह चर्बी जमा होने के कारण उनके आकार में वृद्धि होती है इस प्रकार के क्षरण में बच्चे को उठने के लिए कहा जाता है तो वह सर्वप्रथम हाथ को जमीन पर रखता है, फिर हाथ उठाकर घुटने के जोड़ पर रख कर उठता है। जिसे गोवर्स साइन के नाम से जाना जाता है। इसकी चाल भी असामान्य होती है। इस चाल को बैडलिंग चाल के नाम से भी जाना जाता है, कभी–कभी स्वसन क्रिया प्रभावित होने से बच्चे की मृत्यु भी हो जाती है। यह एक जानलेवा बीमारी है।

EXAM TRICKY SPECIAL EDUCATION Notes For Pyssum

लक्षण :– ड्यूशन मांसपेशियां क्षरण की पहचान के लिए बच्चों में निम्नलिखित लक्षणों को देखना चाहिए। इन अक्षरों की पूर्णता पहचान 5 से 10 वर्ष की अवस्था में की जा सकती है।

- ❖ थोड़ी दूर चलने पर थकान महसूस करना।
- ❖ पंजे के बल चलना।
- ❖ कुछ बच्चे मंदबुद्धि भी होते हैं।
- ❖ चलते समय जल्दी–जल्दी एवं बहुत ही थोड़ी जगह पर पैर रखते हैं।
- ❖ बच्चा लुंज पुंज होता है जिससे दौड़ने पर गिर सकता है।
- ❖ रीढ की हड्डी पर गंभीर मोड़ पैदा हो सकता है।

ब. अर्ब जुवेनाइल क्षरण :– इस प्रकार की मांसपेशी क्षरण की प्रारंभिक अवस्था 6 से 12 वर्ष के बीच होती है, लेकिन कभी–कभी यह 12 से 16 वर्ष के बाद भी हो सकती है। यह समस्या बहुत ही धीरे–धीरे बढ़ती है। यह पुरुष एवं स्त्री दोनों में होती है। यदि उचित रूप से देखकर एक किया जाए तो रोगी लगभग अपना जीवन ठीक से जी सकता है।

लक्षण :– इस प्रकार के मांसपेशियां क्षरण में निम्न लक्षण होते हैं। जिनका सही समय पर पहचान करके उचित देखरेख एवं प्रबंधकीय कदम उठाए जा सकते हैं।

- ❖ कूल्हे की मांसपेशियों का क्षरण होना ।
- ❖ स्पाइनल की मांसपेशियों का क्षरण होना।
- ❖ चाल भी असामान्य होती है।
- ❖ समस्त मांसपेशियां आंशिक रूप से प्रभावित होती हैं।

स. इनफेन्टाइल टाइप :– यह मुख्य रूप से छोटे बच्चों को प्रभावित करती है। लेकिन कभी–कभी 10 वर्ष के बच्चों में भी मांसपेशी क्षरण हो जाता है।

लक्षण :– इस प्रकार की मांसपेश क्षरण को मिश्रित मासपेशीय क्षरण भी कहते हैं।

- ❖ आंख पूरी तरह से बंद नहीं होती।
- ❖ बोलते समय मुंह खुला का खुला रह जाता है।
- ❖ कंधे एवं भुजाओं की मांसपेशियों में भी क्षरण हो जाता है।
- ❖ ओष्ठ मोटे , कमजोर एवं लार युक्त हो जाते हैं।

Notes For Pyssum
EXAM TRICKY
SPECIAL EDUCATION

Unit-2.2

दृष्टि अक्षमता :– अंधापन और कम दृष्टि (Visual impairment & blindness and low vision)

नेत्र :– नेत्र मानव शरीर की एक प्रमुख ज्ञानेंद्रिय है जिसका कार्य किसी वस्तु को देखना है। यदि इसकी कार्यक्षमता अवरुद्ध हो जाए या पूर्ण रूप से निष्क्रिय हो जाए तो मनुष्य दृष्टि जैसी प्राकृतिक उपहार से वंचित हो जाता है। ऐसी परिस्थिति में व्यक्ति अपने जीवन को निरर्थक समझने लगता है और अपने भाग्य को कोसता है। आज के वैज्ञानिक युग में तीव्र गति से प्रगति करते हुए मानव ने ऐसे साधन खोज निकाले हैं जिनके माध्यम से मनुष्य अपनी ज्ञानेंद्रियों की गतिशीलता एवं कार्य क्षमता अर्थात सुनने, सूंघने, स्वाद लेने और स्पर्श करने की शक्ति को बढ़ाकर जीवन को व्यवस्थित कर सकता है।

➢ **दृष्टिअक्षमता (Visual Impairment)–** जब कोई व्यक्ति चश्मा, कांटेक्ट लेंस, दवाओं के सेवन तथा ऑपरेशन के बावजूद भी सामान्य तरीके से नहीं देख सकता, तो उसे दृष्टि अक्षम कहा जाता है। दृष्टि अक्षमता को निम्न प्रकार परिभाषित किया गया है।

अमेरिकन फाउंडेशन (1961) ने दृष्टि अक्षमता एवं अल्प दृष्टि को निम्न प्रकार से परिभाषित किया है।

1. ऐसे बच्चे जिनकी दृष्टि समंजन क्षमता 20/200 हो, नेत्रहीन समझे जाते हैं।

2. ऐसे बच्चे जिंनकी दृष्टि समंजन क्षमता 20/70 तथा 20/200 के बीच हो, अल्प दृष्टि वाले होते हैं।

➢ **दृष्टिहीनता (Blindness)** –पूर्व काल से ही शारीरिक विकलांगता के क्षेत्र में सर्वाधिक सुखद रूप से दृष्टिहीनो को स्वीकारा जाता रहा है। परंतु उनका जीवन समाज में दया, सहानुभूति व भिक्षावृत्ति पर आश्रित रहा है । तथापि इतिहास में हमें सूरदास जैसे प्रख्यात भक्ति कवि दिये , जो जन्मांध थे । आज के समय में चछुहीन विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण ग्रहण करने के अतिरिक्त क्रिकेट व पैराशूट द्वारा वायुयान से कूदने जैसे अद्भुत प्रदर्शन करने लगे हैं। दृष्टिहीनता एक सफलतापूर्वक पहचानी जाने वाली अक्षमता है।

दृष्टिहीनता की परिभाषा (Definition of Blindness)–दृष्टिहीनता को समय–समय पर अलग–अलग दृष्टिकोण से परिभाषित किया गया है। आयुर्विज्ञान में दृष्टिहीनता का तात्पर्य मित्रों से कुछ भी ना देख सकने की स्थिति है।

1. शैक्षिक दृष्टि से :– " दृष्टिहीनता एक ऐसा दृष्टि विकार है , जिसके परिणाम स्वरूप दृश्य सामग्री के प्रयोग से शिक्षा आंशिक रूप से भी संभव ना हो सके।"

2. चिकित्सकीय दृष्टि से :– चिकित्सकीय विधि से दृष्टिहीनता की परिभाषा दृष्टि तीक्ष्णता और देखने के क्षेत्र पर आधारित है। जिसको दो प्रकार से परिभाषित किया जा सकता है।

क . दृष्टि तीक्ष्णता के आधार पर :– सभी प्रकार के उपाय करने के बाद व्यक्ति किसी वस्तु को 20 फीट की दूरी पर नहीं देख पाता। जबकि सामान्य व्यक्ति उस वस्तु को 200 फीट की दूरी पर देखता है , तो उस व्यक्ति को दृष्टिहीन कहा जाता है । दृष्टि – तीक्ष्णता को 20/200 के रूप में लिखा जाता है। यह प्रदर्शित करता है की व्यक्ति वस्तु को कितनी दूरी तक देख सकता है।

ख. देखने के क्षेत्र के आधार पर :– दृष्टि विकृति व्यक्ति के देखने के क्षेत्र का व्यास 20 अंश से अधिक नहीं होना चाहिए। तथा उनकी दृष्टि तीक्ष्णता 20/200 से अधिक नहीं होनी चाहिए।

दृष्टिहीनता के लक्षण :–

1. नेत्र से रुक रुक कर लगातार पानी गिरना।

2. नेत्र का लाल होना।

3. नेत्र की असामान्य गति।

4. देखने में कठिनाई होना , किसी वस्तु पर नजर ना टिकना ।

5. छोटी लिखावट पढ़ने में कठिनाई का अनुभव करना। छोटे चित्रों का अनुभव नहीं होना।

6. सिर दर्द की शिकायत करना आंख में संक्रमण के शिकार करना।

➢ **अल्प दृष्टि (Low vision)**

Notes For Pysum
EXAM TRICKY
SPECIAL EDUCATION

PWD के अनुसार परिभाषा :– "ऐसा व्यक्ति, जिसके उपचार के उपरान्त भी दृष्टि क्षमता का ह्रास हो गया हो, परन्तु वह सहायक युक्तियों के माध्यम से किसी कार्य की योजना बनाने अथवा निष्पादन के लिये दृष्टि का उपयोग करता है या उपयोग करने में सक्षम है और उसकी दृष्टि तीक्ष्णता 6/18 या 20/70 है, तो उसे अल्प दृष्टि वाला व्यक्ति कहा जाएगा।"

स्नैलेन आई चार्ट

PWD Act की इस परिभाषा में दृष्टिक्षीणता के स्थान पर सहायक उपकरणों की सहायता से दृष्टि के उपयोग की क्षमता पर बल दिया गया है।

Unit-2.3

श्रवण दोष–बहरापन और सुनने में कठिनाई Hearing Impairment & Deafness and Hard of Hearing

Hearing Impairment **(श्रवण अक्षमता) का अर्थ** :– सुनने में किसी भी प्रकार का दोष होना, चाहे वह वंशानुगत होने से , कान के पीछे किसी भी अंग के खराब होने से हो ,या वातावरणीय कारणों से।

दूसरे शब्दों में जब कोई व्यक्ति या बालक सामान्य वातावरण में उपस्थित ध्वनि आवाज को अपने कान के किसी भी अंग में खराबी के कारण सामान्य वातावरण की आवाजों को सुनने में असमर्थ होता है तो उसे हम श्रवण बाधिता का नाम देते हैं।

जब कोई व्यक्ति या बालक अपने कान के किसी भी अंग की खराबी बीमारी आज के कारण सामान्य रूप से सुनने वाले व्यक्तियों की आवाज को सुनने की शक्ति में अवरोध उत्पन्न होता है उसे हम श्रवण दोष कहते हैं।

भारतीय पुनर्वास परिषद (1992) :– '' जब बधिरता 70 dB हो तो व्यवसायिक तथा जब 55dB तक हो तो उसे शिक्षा के लिए प्रयोग में लेना चाहिए।''

विकलांग जन अधिनियम (1995):– ''वह व्यक्ति श्रवण बाधित कहा जाएगा जो 60dB या उससे अधिक कठ पर सुनने की क्षमता रखता हो। ''

राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (1991) :– ''श्रवण बाधित उसे कहा जाता है जो सामान्य रूप से सामान्य ध्वनि को सुनने में अक्षम हो।''

श्रवण शक्ति मौखिक संदेश वाहकता , अधिगम, मानसिक विकास और भाषा का विकास सबसे सशक्त साधन है । वे समस्त बच्चे जिन्हें सुनने के संबंध में कोई कठिनाई है, श्रवण क्षति युक्त बच्चे कहलाते हैं। यह क्षमता दो तरह की होती है।

Notes For Pyscum
EXAM TRICKY
SPECIAL EDUCATION

क. पूर्णतया बधिर (Deaf)

ख. अल्प श्रवण वाले बच्चे (Hard Of Hearing)

क. पूर्णतया बधिर :– ऐसे बच्चों का श्रवण क्षय 90 dB या इससे अधिक डेसीबल स्तर का होता है। ऐसे बच्चे श्रवण यंत्र के बिना और श्रवण यंत्र लगा कर भी कुछ नहीं सुन पाते ।

ख. अल्प श्रवण वाले बच्चे (Hard Of Hearing) :–ऐसे बच्चों में श्रवण यंत्र का उपयोग कर सुनने की प्रक्रिया को सरल किया जाता है अतः ऐसे बच्चों में श्रवण की संभावनाएं अधिक होती हैं।

श्रवण क्षतिग्रस्तता का वर्गीकरण :– किसी भी समस्या का अध्ययन, निदान एवं समाधान के लिए उसका वर्गीकरण करना आवश्यक होता है। बधिरता का वर्गीकरण दो प्रकार से किया जाता है।

१. गंभीरता के अनुसार

२. प्रकार के अनुसार

१. गंभीरता के अनुसार–गंभीरता व डिग्री के अनुसार श्रवण क्षतिग्रस्तता को वैज्ञानिकों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा निम्नलिखित प्रकार से वर्गीकृत किया गया है।

क्लार्क के अनुसारः–

10–25 dB	–	सामान्य (Normal)
26–40 dB	–	अति अल्प (Mild)
41–55 dB	–	अल्प (Moderate)
56– 70 dB	–	अल्पतम (Moderately)
71–90 dB	–	गंभीर (Severe)
91dB या अधिक	–	अति गंभीर (Profound)

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार :–

0–25 dB	–	सामान्य (Normal)
26–40 dB	–	अति अल्प (Mild)
41–55 dB	–	अल्प (Moderate)
56– 70 dB	–	अल्पतम (Moderately)
71–90 dB	–	गंभीर (Severe)
91 dB या अधिक	–	अति गंभीर (Profound)

Notes For Pyssum
EXAM TRICKY
SPECIAL EDUCATION

२. प्रकार के अनुसार :–श्रवण अक्षमता का वर्गीकरण जब प्रकार के अनुसार किया जाता है तो इसे मुख्यतः तीन प्रकार में वर्गीकृत किया जाता है। जिनका विस्तृत वर्णन इस प्रकार है।

१. चालित श्रवण क्षति (Conductive Hearing Loss) – जब बोन कंडक्शन का थ्रेशोल्ड सामान्य हो और एयर कन्डक्शन का थ्रेशोल्ड असामान्य हो और दोनों के बीच की दूरी 10 डेसीबल से अधिक हो तब इसे हम चलित श्रवण क्षति कहते हैं। इसमें सेवार्थी के बाह्य कर्ण या मध्यकर्ण अथवा दोनों में समस्या होती है।

२. संवेदीय श्रवण क्षति (Sensori Hearing Loss) – जब एयर कन्डक्शन और बोन कंडक्शन दोनों असामान्य तथा उनके बीच की दूरी 10 डेसीबल से कम हो तो इस स्थिति को संवेदी श्रवण क्षति कहते हैं।

3. मिश्रित श्रवण क्षति (Mixed Hearing LOSS) – जब एयर कन्डक्शन और बोन कंडक्शन दोनों असामान्य तथा उनके बीच की दूरी 10 डेसीबल से अधिक हो तो इस स्थिति को संवेदी श्रवण क्षति कहते हैं। इसमें सेवार्थी के बाह्य कर्ण , मध्यकर्ण एवं अंतःकर्ण मी समस्या होती है।

इसके अतिरिक्त श्रवण अक्षमता को अन्य तरह से भी वर्गीकृत किया जाता है, जो विशेषकर प्रभावित अंग एवं अवस्थाओं पर आधारित होता है–

क .केंद्रीय श्रवण दोष (Central Hearing LosS) – किसी चोट या संक्रमण के कारण जब मस्तिष्क का 21वां एवं 22 वा भाग प्रभावित होता है, तो इस प्रकार की बाधिता को केंद्रीय श्रवण दोष कहते हैं। इस प्रकार की समस्या से ग्रसित व्यक्ति सोच समझ सकता है, परंतु व्यक्त करने में अक्षम होता है।

ख. अकायिक श्रवण दोष (Non & Organic Hearing Loss) :– जब किसी व्यक्ति की शारीरिक संरचना में क्षतिग्रस्तता ना होकर बल्कि कोई अवांछनीय पदार्थ कान के अंदर जमा होने पर बाधिता आ जाती है। तो उसे अकायिक श्रवण दोष कहा जाता है। या दोष मनोवैज्ञानिक भी होता है।

ग. कायिक श्रवण दोष (Organic Hearing Loss) :– जब व्यक्ति के कान के किसी भी भाग में क्षति हो जाती है तथा उससे श्रवण समस्या उत्पन्न होती है, तो इसे कायिक श्रवण दोष कहा जाता है।

घ. वंशानुगत श्रवण दोष (Hereditary Hearing Loss) :–जब श्रवण दोष गुणसूत्रों की अनियमितता के कारण होता है। तो वह एक वंश से दूसरे वंश तक प्रभावित करता है इसे वंशानुगत श्रवण दोष कहते हैं।

ड. जन्मजात श्रवण दोष (Congenital Hearing Loss) :– जन्म के समय किसी भी कारण से होने वाला श्रवण दोष जन्मजात श्रवण दोष कहलाता है। यह वंशानुगत, प्रसव पूर्व या प्रसव के दौरान हो सकता है।

च. उपार्जित श्रवण दोष (Acquired Hearing LosS) :– जन्म के बाद किसी भी चोट, संक्रमण अथवा गंभीर बीमारी के कारण होने वाला दोष उपार्जित श्रवण दोष कहलाता है।

छ.. भाषा विकास–पूर्व श्रवण दोष (Pre&Lingual Hearing Loss) :– जब किसी बच्चे में वाणी एवं भाषा विकास की आयु से पूर्व श्रवण समस्या उत्पन्न होती है, तो उसे भाषा विकास पूर्व श्रवण दोष कहते हैं।

ज. पश्च भाषा विकास श्रवण दोष (Post & Lingual Hearing Loss) :– वाणी एवं भाषा विकास के समय के उपरांत होने वाला श्रवण दोष पश्च भाषा श्रवण दोष कहलाता है।

झ. आकस्मिक श्रवण दोष (Sudden Hearing Loss) :–जब किसी व्यक्ति की श्रवण तंत्रिका आकस्मिक चोट अथवा दुर्घटना के कारण क्षतिग्रस्त हो जाती है। तथा उसके श्रवण को प्रभावित करती है, तो इसे आकस्मिक श्रवण दोष कहते हैं।

Notes For Pyssum
EXAM TRICKY SPECIAL EDUCATION

ञ . संवर्धित श्रवण दोष (Progressive Hearing Loss) :– जब किसी प्रकार की चोट अथवा दुर्घटना के कारण व्यक्ति में श्रवण समस्या की गंभीरता बढ़ती है तो इस प्रकार की श्रवण समस्या को संबंर्धित श्रवण दोष कहते हैं। इस प्रकार की समस्या कान के बाहरी, मध्य, आंतरिक अथवा श्रवण तंत्रिका में संक्रमण या बीमारी के कारण उत्पन्न होती है।

Unit -2.4

Speech and Language Disorder वाणी और भाषा विकार - मानव जीवन में वाणी एवं भाषा की बहुत ही महत्वपूर्ण उपयोगिता है। वाणी व सार्थक प्रक्रम है जिसके द्वारा मानव और पशुओं में भिन्नता स्थापित की जा सकती है। वाणी उत्पादन एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया है, जो कि विभिन्न व्यवस्थाओं श्वशन , संवहन , उच्चारण तथा नियंत्रण आदि प्रक्रियाओं से गुजरते हुए पूर्ण होती है। अर्थात हम यह कह सकते हैं कि उपरोक्त वाणी उत्पादित करने वाले व्यवस्थाओं में यदि किसी प्रकार की विकृति उत्पन्न होती है तो स्वाभाविक है कि उसका प्रभाव व्यक्ति की वाणी और भाषा में विकार की स्थिति उत्पन्न कर सकता है। हम कह सकते हैं कि वाणी भाषा का रूप है जो कि ध्वनि की उपस्थिति में निकलती है। व्यक्ति अपनी सभी संवेदनाओं , भावों को व्यक्त करने के लिए वाणी का ही उपयोग करता है।

भाषा मानव जीवन की वह कड़ी है जो कि पूरे संसार को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करती है, व्यक्ति समाज की एक कड़ी होता है अर्थात वाणी एवं भाषा समाज के विभिन्न सदस्यों के बीच संपर्क बनाने का कार्य करती है। इसके साथ ही भाषा सामाजिकरण की प्रक्रिया में सहायक होती है। इतना ही नहीं भाषा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विचार विमर्श संपर्क व व्यवहार का साधन भी है। सूचनाओं के आदान–प्रदान का माध्यम की भाषा ही है।

भाषा (Language) :–भाषा एक ऐसी संकेत व्यवस्था है। जिसके माध्यम से एक व्यक्ति अपने विचारों, भावों , एवं इच्छाओं को दूसरे के सामने अभिव्यक्त करता है। प्रत्येक ऐसा संकेत जो विचार को स्पष्ट करता है, वह भाषा है।

इसका प्रयोग सुव्यवस्थित संकेतों की व्यवस्था है। जिसका प्रयोग संप्रेषण अर्थात विचारों वह सूचना के आदान–प्रदान के लिए किया जाता है। सामान्य रूप से भाषा संप्रेषण करने का माध्यम है और यह संप्रेषण भाषा में उपस्थित संकेतों के द्वारा संभव है। हमारी वाणी, शरीर, हाव भाव व्यक्त करना आदि शब्द भाषा के ही रूप हैं किंतु संकेत पूर्ण भाषा नहीं है।

नोम चोम्स्की के अनुसार :– जब हम भाषा का अध्ययन करते हैं तब हम उन तथ्यों को देखते हैं जो मनुष्य में ही पाए जाते हैं अर्थात वे लक्षण जो विशिष्ट रूप से मनुष्य में ही देखे गए हैं और जो मानव और पशु में भिन्नता स्थापित करते हैं।

भाषा की परिभाषा :– विभिन्न विद्वानों ने भाषा को अपने अपने तरीके से विभिन्न रूपों में परिभाषित किया है। जिनमें से कुछ परिभाषा इस प्रकार हैं।

स्वीट के अनुसार :– ''ध्वन्यात्मक शब्दों द्वारा विचारों को व्यक्त करना ही भाषा है।''

डॉक्टर बाबूराम सक्सेना के अनुसार :– ''एक प्राणी जिन ध्वनि चिन्हों द्वारा दूसरे प्राणी से कुछ व्यक्त कर देता है यही विस्तृत अर्थ में भाषा है।

भाषा दोष :– भाषा संबंधी विकार किसी भी व्यक्ति के साथ हो सकती है। बच्चे की भाषा विकास के लिए उनकी शारीरिक, बोधात्मक, संवेगात्मक, सामाजिक, वातावरणीय, एवं अन्य पहलुओं को ध्यान में रखना होता है, क्योंकि भाषा का विकास इन्हीं पहलुओं पर निर्भर करता है। इन पहलुओं में कोई कमी होती है तो संभवतः भाषा संबंधी विकार उत्पन्न हो सकता है।

बच्चों में सामान्य रूप से निम्नलिखित तीन प्रकार के भाषा संबंधी विकार पाए जाते हैं। जो भाषा की क्रियाशीलता पर निर्भर करती है।

1. भाषण ग्रहण करने में कठिनाई।

2. भाषा अभिव्यक्त करने में कठिनाई।

3. मिश्रित समस्या।

1. भाषा ग्रहण करने में कठिनाई :– भाषा ग्रहण करने की समस्या तब उत्पन्न होती है जब बच्चे में किसी आदेश या निर्देश को समझने की क्षमता उसकी मानसिक आयु से नीचे पाई जाती है। तो यह समझा जाता है कि उसमें भाषा को ग्रहण करने संबंधी समस्या है।

2. भाषा अभिव्यक्त करने में कठिनाई :– भाषा को व्यक्त करने संबंधी समस्या का आकलन प्रायः हम कुछ इस प्रकार के कारणों से करते हैं। जब हम देखते हैं कि बच्चे बहुत से शब्दों का ज्ञान रखते हैं, उनको समझते हैं, किंतु इन शब्दों को मौखिक रूप से अभिव्यक्त नहीं कर पाते हैं।

EXAM TRICKY
Notes For Pyscum
SPECIAL EDUCATION

अर्थात इस आधार पर यह कहा जा सकता है कि जब किसी बच्चे में अपनी भावनाओं, बातों को अभिव्यक्त करने की क्षमता, ग्रहण करने की क्षमता से कम पाई जाए तो उसमें भाषा को अभिव्यक्त करने संबंधी समस्या है।

3. मिश्रित समस्या :– जब किसी व्यक्ति अथवा बच्चे में उपयुक्त दोनों समस्याएं एक साथ पाई जाए तो हम यह कह सकते हैं कि बच्चे में मिश्रित समस्या है। इसमें भाषा ग्रहण शीलता और भाषा को मौखिक रूप से अभिव्यक्त करने दोनों में कठिनाई होती है। प्रायः यह देखा जाता है कि कुछ बच्चों में भाषा विकास देर से होता है। ऐसी स्थिति में बच्चे की मानसिक आयु से उसकी भाषा ग्रहण शीलता की आयु होती है और उसके नीचे भाषा अभिव्यक्ति का स्तर पाया जाता है, तो हम उस व्यक्ति जब बच्चे को मिश्रित समस्या के अंतर्गत रख सकते हैं।

वाणी (speech) :–

शरीर के विभिन्न अंगों की तरह वाणी को उत्पादित करने वाले अंग भी होते हैं।

जिस प्रकार से मनुष्य जीवित रहने के लिए अपना प्राथमिक कार्य करता है। उस तरह से वाणी उत्पाद करने वाले अंगों के द्वारा द्वितीय कार्य वाणी उत्पादित करता है। भाषा का मौखिक रूप वाणी है जो मनुष्य के जीवन में संप्रेषण का मुख्य साधन है। यह व्यक्ति एवं समाज के बीच संबंध बनाने वाली एक आधार है। वाणी ही हमारे जीवन का एक आधारभूत अंग है। जिसकी सहायता से हम अपने विचारों एवं भावनाओं को व्यक्त करते हैं। इससे आत्मविश्वास में वृद्धि के साथ आत्म संतुष्टि मिलती है।

परिभाषा :–

''किसी भी अर्थपूर्ण शब्द को वाणी कहते हैं। प्रत्येक वाणी की अपनी विशेषताएं होती हैं। वाणी वह प्रक्रिया है जो ध्वनि की उपस्थिति में निकलती है।''

वाणी दोष :– वाणी की उत्पत्ति के लिए हमारे वाणी उत्पादन में संलग्न विभिन्न चरणों की क्रिया का सामान्य होना अत्यंत आवश्यक है। वाणी उत्पादन के लिए वोकल कार्ड , मुखाग्र एवं नासाग्र भाषा तथा विभिन्न विचारकों का समान रूप से कार्य करना अनिवार्य है। इसके साथ साथ श्रवण सीमा एवं मानसिक क्षमता का सामान्य होना भी बहुत जरूरी है। क्योंकि जो कुछ हम बोलते हैं या सीखते हैं उसे पहले अच्छी तरह सुनते एवं समझते हैं। यदि सुनने एवं समझने में किसी प्रकार की कमी हो तो अक्षर एवं शब्दों का सुनना एवं समझना कम हो जाता है, जिसके कारण वाणी उत्पादित करने में त्रुटि होने लगती है।

वाणी दोष का वर्गीकरण :– वाणी की त्रुटियों को निम्नलिखित प्रकार से वर्गीकृत किया गया है। जिसके द्वारा संपूर्ण वाणी समस्या को स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है।

1. उच्चारण संबंधी दोष
2. वाणी संबंधी दोष
3. वाक प्रवाह संबंधी दोष
4. कंठ संबंधी दोष

1. उच्चारण संबंधी दोष :– बच्चों में एवं वयस्कों में उच्चारण संबंधी दोष अधिकतर पाए जाते हैं। ये दोष निम्न है (SODA)

क. प्रतिस्थापन (Substitution)

ख. छोड़ना (Omission)

ग. अशुद्ध बोलना (Distartion)

घ. जोड़ना (Addition)

क. प्रतिस्थापन :– उच्चारण के समय किसी भी एक अक्षर को ना बोलकर उसके स्थान पर दूसरा अक्षर बोलना । जैसे :– कमला के स्थान पर तमला, कुत्ता के स्थान पर तुत्ता आदि। यह उच्चारण के दोष शब्दों के शुरू या अंत के स्थान पर ज्यादातर देखे जाते हैं।

ख. छोड़ना :– इस दोष के अंतर्गत बच्चे शब्द के शुरू या अंत के अक्षर को नहीं बोलते या बोलना भूल जाते हैं। जैसे प्रदीप को दीप, कालम को काल आदि।

Notes For Rysum
EXAM TRICKY
SPECIAL EDUCATION

ग. अशुद्ध बोलना :– इस दोष के अंतर्गत बोले गए अक्षर या शब्द में स्पष्टता नहीं होती है। जिससे श्रोता को बार–बार पूछना पड़ता है।

घ. जोड़ना :– इस दोष के अंतर्गत किसी भी अर्थपूर्ण शब्द में एक दूसरे अक्षर को प्रायः जोड़ देते हैं। जैसे :– कमल को कमला।

2. वाणी संबंधी दोष :– हमारी वाणी मुख्यतः तीन तत्वों से मिलकर बनी होती है। तारत्व (Pitch) , गुण (Quality) , उच्चता (Loudness) । जितनी अधिक आवृत्ति होगी। उतना अधिक तारत्व भी होगा । वाणी की उच्चता कम या अधिक हो सकती है। इन तीनों में यदि किसी भी प्रकार की कमी पाई जाती है तो वाणी दोष हो सकते हैं।

3. वाक् प्रवाह संबंधी दोष :– वाणी के प्रवाह से तात्पर्य है कि उस व्यक्ति की वाणी कितनी धारा प्रवाह या बिना रुके हुए एवं बिना किसी अक्षर शब्दों को दोहराते हुए बोलना होता है। यदि व्यक्ति रुक रुक कर बोलता है अथवा कुछ शब्दों व उसके भागों को दोहराता है तो यह प्रवाह संबंधी दोष कहलाता है।

4. कंठ संबंधी दोष :– इसके अंतर्गत अनेकों प्रकार के दोष आते है। हकलाना, स्वरभ्रम , रूखी आवाज, श्वास भरकर बोलना, ऊंचे स्वर का दोष , आदि।

Unit- 2.5

Deaf & blindness and multiple Disabilities **Multiple Disabilities (बहु– विकलांगता)** – बहु विकलांगता का तात्पर्य दो या दो से अधिक विकलांगता का होना है । बहु विकलांगता न तो संक्रामक है और न ही आनुवांशिक है । जिस प्रकार अन्य विकलांगताए जन्मजात, जन्म के समय अथवा जन्म के बाद होती है। उसी प्रकार बहु विकलांगता भी होती है। कभी–कभी मानसिक मंद बच्चे 15 से 20 वर्ष की अवधि में अल्प दृष्टि बाधित होते हैं। इस स्थिति में उन्हें मानसिक विकलांग ना कहकर बहुविकलांगता की संज्ञा दी जाती है।

जब किसी व्यक्ति में दो या दो से अधिक प्रकार की विकलांगता एक साथ पाई जाती है तो इस स्थिति को बहु विकलांगता कहते हैं। तथा उस व्यक्ति को बहु विकलांग व्यक्ति कहा जाता है।

बहु विकलांगता की परिभाषा :–

N-T-A 1999 के अनुसार :– यदि किसी व्यक्ति की प्रमाणित विकलांगता के साथ दूसरी विकलांगता है , तो उस व्यक्ति को बहु विकलांगता वाला व्यक्ति कहा जाएगा। "दो या दो से अधिक विकलांगता के समायोजन को बहुविकलांगता कहते हैं।"

बहु विकलांगता के प्रकार :–

एक से अधिक विकलांगता से ग्रसित व्यक्ति को ही बहु– विकलांग कहते हैं। यह प्रायः निम्नलिखित प्रकार की हो सकती है।.

1. श्रवण अक्षम एवं दृष्टिबाधित
2. दृष्टिबाधित, श्रवण अक्षम एवं मानसिक मंदता
3. दृष्टिबाधित एवं मानसिक मंदता
4. प्रमस्तिष्क पक्षाघात एवं मानसिक मंदता
5. दृष्टिबाधित, श्रवण अक्षम एवं गामक अक्षमता

बहु विकलांगता के लक्षण :–

1. बहु विकलांगता मे बच्चों की शारीरिक विकास की प्रक्रिया धीमी होती है, जैसे–गर्दन नियंत्रण, बैठना, घुटने के बल चलना, खड़ा होना आदि।
2. शौच नियंत्रण का अभाव होता है।
3. कुछ बच्चों को निगलने , चबाने, हाथ के उपयोग इत्यादि कौशल में अक्षमता होती है।
4. वे आसानी से देखने, सुनने , स्पर्श, गंध , स्वाद को नहीं समझते हैं।

Notes For Pyssum
EXAM TRICKY
SPECIAL EDUCATION

5. स्पष्ट रूप से अपनी भावनाओं, विचारों एवं आवश्यकताओं को व्यक्त नहीं कर सकते हैं।

6. नये कौशलों को नहीं सीख पाते हैं, जिसे दूसरों को करते देखते हैं।

7. सीखने में धीमे अथवा अक्षम होते हैं।

8. कुछ बहु–विकलाग बच्चे ऐसे भी होते हैं जो अपनी भावनाओं को नियंत्रित नहीं कर पाते हैं, और समस्या उत्पन्न करते हैं। जैसे –सामान फेंकना, स्वयं को चोट पहुंचाना, दूसरों को चोट पहुंचाना आदि

9. कुछ बच्चे ऐसे होते हैं जो किसी भी घटना को बहुत ही अल्प समय तक याद रखते हैं।

Deaf & Blindness (बधिरांधता) –यदि किसी व्यक्ति की संयुक्त दृष्टि एवं श्रवण क्षति उसके संप्रेषण, सूचना की सुगमता तथा आवागमन में कठिनाई पैदा करती है, तो उस व्यक्ति को बधिरान्ध कहा जाता है। किसी व्यक्ति को बधिरांध घोषित करने के लिए जरूरी नहीं होता कि वह पूर्णता बधिर एवं पूर्णता दृष्टिहीन हो, बल्कि बहुत से बधिरांध व्यक्तियों में आंशिक दृष्टि अथवा श्रवण क्षमता पाई जाती है। बधिरांधता को प्रायः द्विसंवेदी क्षति भी कहा जाता है।

बधिरांधता से सभी उम्र के लोग प्रभावित होते हैं,जिनमें अधिक उम्र के लोग ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं।

बधिरांधता विशेषकर दो स्थितियों में होती है – जन्मजात एवं अर्जित। कुछ लोग बिना श्रवण एवं दृष्टि की योग्यता के पैदा होते हैं तथा वे दूसरी संवेदी क्षमता बाद में खो देते हैं।

परिभाषा (Definition)–

यू.एस. डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन (2004) के अनुसार :– ''बधिरांधता का मतलब सहवर्तित श्रवण वा दृष्टि अक्षमता से है, जिसके एक साथ होने से ऐसी संप्रेषण तथा अन्य विकासात्मक एवं शैक्षिक जरूरतें गंभीर रूप से प्रभावित हो जाती हैं कि वे ना तो बधिर बच्चों के विशेष शिक्षा कार्यक्रम के साथ और न ही

दृष्टिहीन बच्चों के विशेष शिक्षा कार्यक्रम के साथ पूरी तरह समायोजित किए जा सकते हैं।''.

अलवेल , ग्राहम एवं गोएट्स (1994) के अनुसार :– ''बधिरांधता एक शिक्षार्थी के दो से तीन प्रमुख संवेदनाओं (दृष्टि, श्रवण एवं गंध) को प्रभावित करती है। ऐसे में यह आवश्यकता पैदा करता है। कि वह वातावरण से सूचनाओं को इकट्ठा करने के लिए प्रभावित संवेदनाओं (स्वाद, स्पर्श, गति) का उपयोग करें।''

Individual with disabilities Education Act (IDEA) के अनुसार :–''शब्द 'बधिरांधता' सहित बच्चे एवं युवा का अर्थ श्रवण एवं दृष्टि अक्षमता का होना है, जो संयुक्त रुप से गंभीर संप्रेषण तथा अन्य विकासात्मक एवं अधिगम आवश्यकताएं पैदा करती है कि उन्हें श्रवण अक्षम, दृष्टि अक्षम अथवा गंभीर अक्षमता से ग्रसित बच्चों के साथ उपयुक्त तरीके से विशेष शिक्षा नहीं प्रदान की जा सकती, जब तक की दो सहकारी अक्षमताओं से संबंधित शैक्षिक जरूरतों हेतु सहयोग नहीं प्रदान किया जाता है।''

बधिरांधता के शीघ्र संकेत (Early Signs of DeafBlindness) :–

- वह बहुत सोता है, कम रोता है, अपनी भुजाओं एवं पैरों को ज्यादा नहीं हिलाता।
- वह माता–पिता अथवा अन्य लोगों से नजर बहुत कम मिलाता है।
- वह अपनी उम्र के अनुसार आवाज नहीं करता, वस्तुएं नहीं पकड़ता, स्वतः नहीं बैठता , खड़े होने का प्रयास नहीं करता।
- वह वस्तुओं के पास नहीं पहुंचता और ना ही उसकी तरफ आगे बढ़ता है।
- वह तेज आवाजों एवं ध्वनियो की प्रतिक्रिया नहीं करता।

Unit- 3

Definition, Causes & Preventive measures, Types, Educational Implications, and Management of

Unit-3.1

Notes For Rssum
EXAM TRICKY
SPECIAL EDUCATION

Intellectual Disability-Intellectual Disabilities (बौद्धिक अक्षमता)– मानसिक विकलांगता एक ऐसी अवस्था है जिसके कारण शारीरिक विकास की तुलना में मानसिक विकास अपेक्षाकृत कम होता है। इसमें मस्तिष्क की कोशिकाएं ज्ञात एवं अज्ञात कारणों से क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। उनमें विभाजन की क्रिया नहीं होती है। यह विकास की दशाओं एवं क्रियाओं को प्रभावित करती है। अतः मंदबुद्धि बच्चों में उन बच्चों की गणना करते हैं जिनका शरीर एवं मस्तिष्क तो समान होता है लेकिन किसी कारणवश मस्तिष्क के कुछ तंतु को हानि पहुंचने से कुछ विशेष भाग में विकास रुक जाता है।मानसिक रूप से दुर्बल बच्चे किसी भी काम को बहुत विलंब से सीखते हैं।

परिभाषा :–मेंटल डेफीसिएन्सी एक्ट 1927 के अनुसार :– ''मंदबुद्धि एक ऐसी अवस्था है जिसमें 18 वर्ष की आयु से पहले मानसिक विकास रुक जाता है , पूर्ण रूप से मस्तिष्क विकसित नहीं हो पाता है, यह किसी वंशानुक्रम रोग से हो या किसी बीमारी से या सिर में चोट लगने से ।''

अमेरिकन एसोसिएशन ऑन मेंटल रिटार्डेशन (AAMR,1983) के अनुसार :– '' मानसिक मंदता का तात्पर्य सामान्य बौद्धिक क्रियाशीलता के औसत स्तर में अर्थपूर्ण कमी से है जिसके परिणाम स्वरूप अनुकूलन व्यवहार में क्षति होती है और यह विकास की अवधि के दौरान अभिव्यक्त होता है। ''

अमेरिकन एसोसिएशन ऑन मेंटल रिटार्डेशन (AAMR 2002) :– ''मानसिक मंदता एक अक्षमता है जिसमें बुद्धि लब्धि एवं अनुकूल व्यवहार दोनों सीमित हो जाते हैं, जो वैचारिक, सामाजिक, तथा व्यवहारिक कौशलों में प्रदर्शित होते हैं। यह क्षमता 18 वर्ष की उम्र से पहले होती है।''

मानसिक मंद बच्चों में शारीरिक, दृश्य एवं श्रव्य समस्याएं भी हो सकती हैं। यहां मस्तिष्क के क्षतिग्रस्त स्थिति पर निर्भर करता है। मस्तिष्क को को जितना अधिक नुकसान होगा उतना ही अधिक गंभीर मस्तिष्क एवं संबंधित सह– अक्षमता होने की संभावना रहती है। मानसिकता से समायोजित कई अन्य क्षमता होती हैं, जैसे :– डाउन सिंड्रोम, प्रमष्तिष्कीय पक्षाघात, स्वलीनता, इत्यादि।

मानसिक मंदता का वर्गीकरण (Classification of Mental Retardation) :– मानसिक मंदता को मुख्य तीन प्रकार से वर्गीकृत किया जा सकता है।

1. चिकित्सकीय वर्गीकरण
2. मनोवैज्ञानिक वर्गीकरण
3. शैक्षणिक वर्गीकरण

1. चिकित्सकीय वर्गीकरण :– चिकित्सकीय लक्षणों एवं प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों के अनुसार मानसिक मंदता को निम्नलिखित भागों में बांटा गया है।

- **संक्रमण एवं नशा**
- **मानसिक एवं शारीरिक कारक**
- **उपापचय एवं पोषण**
- **मानसिक रोग**
- **जन्म पूर्व अज्ञात कारक**
- **गुण सूत्रीय असमानता**
- **गर्भधारण संबंधी रोग**
- **मनोविकार**
- **पर्यावरणीय कारक**
- **अन्य कारक**

2. मनोवैज्ञानिक वर्गीकरण :– मनोवैज्ञानिक वर्गीकरण के अंतर्गत मनोवैज्ञानिक परीक्षणों के द्वारा व्यक्ति का आकलन कर उसका बौद्धिक स्तर ज्ञात किया जाता है। किसी भी व्यक्ति की बुद्धि लब्धि ज्ञात करने के लिए आकलन के उपरांत नीचे दिए गए सूत्र का प्रयोग किया जाता है।

Notes For Physcum
EXAM TRICKY
SPECIAL EDUCATION

$$\text{बुद्धि लब्धि} = \frac{\text{मानसिक आयु}}{\text{वास्तविक आयु}} \times 100$$

मनोवैज्ञानिक परीक्षणों के द्वारा प्राप्त बुद्धि लब्धि के अनुसार मानसिक मंदता को निम्नलिखित पांच भागों में बांटा गया है :–

वर्ग श्रेणी	बुद्धि लब्धि
सीमा रेखित (**Borderline**).	70–85 या 90
अति अल्प (**Mild**)	50–70
अल्प(**Moderate**)	35–50
गंभीर(**Seviour**)	20–35
अति गंभीर(**Profound**)	20 से नीचे

क.सीमा रेखित (Borderline) :– बुद्धि लब्धि 70 से 85 या 90 तक के बच्चों को मानसिक मंदता की सीमा रेखित श्रेणी में रखा जाता है। इस श्रेणी में आने वाले मानसिक मंद बच्चों की पहचान प्रायः कम हो पाती है। इसलिए यह सामान्य विद्यालयों में पिछड़े बच्चों के रूप में शिक्षा ग्रहण करते हुए पाए जाते हैं। जब इनकी पहचान कर ली जाती है तो इन्हें विशेष तकनीकी द्वारा समेकित शिक्षा के अंतर्गत सुगमता पूर्वक शिक्षण सुविधाएं प्रदान की जाती है।

ख. अति अल्प मानसिक मंदता :– इस श्रेणी में 50 से 70 बुद्धि लब्धि वाले बच्चे आते हैं। इनकी मानसिक आयु 8–10 वर्ष के बच्चे के बराबर होती है। इन्हें सामाजिक कौशल, शैक्षिक कौशल तथा सूक्ष्म गामक क्षेत्र में विकसित किया जाता है। यह अपने दैनिक जीवन के क्रियाकलाप में आत्मनिर्भर होते हैं।परंतु इन्हें निर्देशन की आवश्यकता होती है।

ग. अल्प मानसिक मंदता :– इस श्रेणी में 35 से 50 बुद्धि लब्धि वाले बच्चे आते हैं। इनमें सामाजिक जागरूकता कम होती है। इन्हें दैनिक जीवन के क्रियाकलाप संबंधी प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। इन्हें सामाजिक और व्यवसाय सम्बन्धी कौशल में प्रशिक्षण दिया जा सकता है ।

घ. गंभीर मानसिक मंदता :– इसके अंतर्गत आने वाले बच्चों की बुद्धि लब्धि 20–30 होती है । इनका गामक विकास पिछड़ा होता है। इन्हें अधिक देखभाल की जरूरत होती है। इनको स्वयं के देखरेख जैसे कौशल में निपुणता हेतु अधिक से अधिक प्रशिक्षण देने की आवश्यकता होती है।

ङ. अति गंभीर मानसिक मंदता :– इसके अंतर्गत बुद्धि लब्धि 20 से नीचे वाले बच्चों को रखा जाता है। इनकी प्रत्येक आवश्यकताओं पर ध्यान देना अनिवार्य होता है । ये पूरी तरह दूसरों पर आश्रित होते हैं ।

3. शैक्षणिक वर्गीकरण :– शैक्षणिक वर्गीकरण के अंतर्गत इन बच्चों के क्रिया कलाप एवं कार्य सम्पादन करने के स्तर आकलन किया जाता है । आकलन के उपरांत पाये गये वर्तमान स्तर के आधार पर मानसिक मंदता को तीन भागों में वर्गीकृत किया जाता है।

अ. शिक्षणीय मानसिक मंद (E-M-R) :– इसके अंतर्गत ऐसे बच्चे आते हैं जिनके बुद्धि लब्धि 50–70 के बीच होती है। समाज में अच्छी तरह व्यवस्थित हो सकते हैं। इन्हें सामाजिक कौशल भी सिखाया जाता है। ऐसे बच्चों को कार्य करने के अनुसार शिक्षित किया जा सकता है। व्यवसायिक दृष्टिकोण से भी इन्हें कोई कार्य सिखाना लाभदायक होता है। ऐसे बच्चे पूर्णता या अंशतः आत्मनिर्भर हो सकते हैं।

Notes For Bysum
EXAM TRICKY
SPECIAL EDUCATION

ब. प्रशिक्षणीय मानसिक मंद (T-M-R) :– इसके अंतर्गत ऐसे मंदबुद्धि बच्चे आते हैं। जिन्हें प्रशिक्षण द्वारा कुछ हद तक आगे बढ़ाया जा सकता है। इन्हें छोटे–छोटे कौशलों में प्रशिक्षण दिया जाता है। इनका सामाजिक समायोजन एक सीमा तक ही हो पाता है। इन्हें भी व्यवसाय हेतु प्रशिक्षित किया जा सकता है।

स. अभिरक्षणीय (C-M-R) :– इसके अंतर्गत वे बच्चे आते हैं। जिन्हें विशेष देखरेख की जरूरत होती है। इनके गामक विकास हेतु विभिन्न प्रकार के उपकरणों का प्रयोग करते हुए प्रशिक्षण दिया जाता है।

Unit-3.2

Specific Learning Disabilities- Specific Learning Disability(विशिष्ट अधिगम अक्षमता)–यह एक छुपी हुई विकलांगता है। इसमें सीखने की क्षमता प्रभावित होती है। बाल्यावस्था एवं विद्यालय अवस्था के प्रारंभिक दौर में पहचानी जा सकती है।इनकी बुद्धि लब्धि औसत से कम नहीं होती । परंतु इनकी उपलब्धि या प्राप्तांक कम होता है। साधारणतः इनमें 90 से ऊपर की बुद्धि लब्धि पाई जाती है। इसमें अधिकांशतः स्मृति एवं प्रत्यक्षीकरण की समस्या होती है। इसमें भाषा, गणित, प्रत्यक्षीकरण, तार्किकता , लिखने, पढ़ने, सुनने, बोलने एवं सामाजिकता में कमी दिखती है। यह लड़कियों की अपेक्षा लड़कों में अधिक दिखाई पड़ती है।अधिगम असमर्थता की पहचान एवं उपचार स्कूल तंत्र के भीतर ही हो जाता है।परंतु इसकी पहचान विशेष शिक्षा के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त व्यवसायिक ही कर पाते हैं। अन्य के लिए यह कार्य मुश्किल होता है।

परिभाषाएं :–

D-S-M &4 के अनुसार :– '' यदि कोई व्यक्ति नियमित शिक्षण कार्यक्रम से लाभान्वित नहीं होता है , यदि वह सामाजिक रुप से वंचित नहीं है, एवं वह किसी प्रकार की दैहिक तंत्रकीय दुष्किया का कोई भी स्पष्ट लक्षण प्राप्त नहीं करता है। तो उसे अधिगम विकृति के रोगी के रूप में चिन्हित किया जा सकता है।''

I-E-D-A के अनुसार :– ''अधिगम अक्षमता मूल रूप से मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया में एक या अधिक विकृति है जो भाषा के समझने, बोलने या लिखने से संबंधित होता है तथा सुनने, सोचने, बोलने, पढ़ने, लिखने, वर्तनी या गणितीय गणना सहित प्रत्यक्षीकरण क्षमता, मस्तिष्कीय चोट , मामूली मस्तिष्कीय गड़बड़ी, पठनीय विकृति और वाग्रोध के रूप में प्रकट होता है। ''

अधिगम अक्षमता के प्रकार :–

1 **डिस्लेक्सिया (Dyslexia)** :– Dys का अर्थ होता है कार्य में कमी और lexia का अर्थ है शब्दों के साथ कार्य में कमी अर्थात डिस्लेक्सिया का अर्थ हुआ व्यक्ति में वह पठान कमी जो कि विशिष्ट अधिगम अक्षमता को दर्शाता है। अर्थात पढ़ने की अक्षमता से पर्याप्त जीवन पर्यंत मौखिक एवं लिखित भाषा जो कौशल के विकास में कमी होती है। इसमें भी सभी बच्चों को एक जैसा लक्षण नहीं दिखता है । यह भी बच्चों में विभिन्न कमियों के रूप में दिखाई पड़ता है।

- अक्षरों को ना पहचानना
- अशुद्ध रूप से पढ़ना

2. **डिसग्राफिया (Dysgraphia)** :– इसके अंतर्गत बालको में लेखन संबंधी कमी दिखती है। इसे लेखन अक्षमता भी कहते हैं। इसके अंतर्गत बच्चों में निम्नलिखित कमियां दिखती हैं।

- शब्दों के अक्षरों को पलट देता है कमल को कलम लिखता है
- अपनी बातों या बीती घटनाओं को लिखकर व्यक्त नहीं कर पाता है।
- श्यामपट्ट या कॉपी से नकल करने में परेशानी होती है।

3. **डिस्कल्कुलिया (Dyscalculia)** :– इसमें बच्चा गणितीय संबंधी गलतियां करता है जैसे :– अंको को उल्टा लिखना, 6 को 3 लिखना , दो अंको की संख्या को पलट देना। आदि

Notes For Pyqsum
EXAM TRICKY
SPECIAL EDUCATION

4. डिस्प्रेक्सिया (Dyspraxia) :–यह विशिष्ट अक्षमता गामक कौशल विकास में कमी को दर्शाता है यह बच्चों को सूक्ष्म गामक कार्यों को नियोजन एवं पूर्ण करने में कमी को दर्शाता है। यह क्रियात्मकता के विभिन्न क्षेत्रों की कमी को दर्शाता है। जिसमें विभिन्न साधारण गामक क्रियाएं जैसे हाथ हिलाना, ब्रश करना आदि होती है।

Unit-3.3

Autism Spectrum Disorder- (स्वलीनता) स्वलीनता ग्रीक शब्द आटोस से लिया गया है जिसका अर्थ अपने आप में खो जाना या लीन हो जाना होता है । ऐसे बच्चे में व्यवहारिक, सामाजिक , बोलचाल, शारीरिक विकास, सुनने इत्यादि । समस्याओं का मिलाजुला व्यवहार देखने को मिलता है। व्यापक विकासात्मक विकास एवं स्वलीनता के लक्षण के अनुसार स्वलीनता उसे कहते हैं जिसमें सामाजिक समायोजन , मेलजोल , तथा बातचीत के अभाव के कारण बच्चा एकाग्र चित्त हो जाता है। स्वलीनता से ग्रसित बच्चों को 3 वर्ष की अवस्था तक पहचाना जा सकता है।

स्वलीनता व कैनार व्याधि (सिंड्रोम) के नाम से जाना जाता है। स्वलीनता पर किए गए शोधों के आधार पर ऐसा पाया गया है कि लगभग 10,000 मे से 4 बच्चे इससे प्रभावित रहते हैं। लड़कियों की तुलना में लडको मे इनका प्रतिशत अधिक होता है।

स्वलीनता एक जटिल स्नायु विकासात्मक कमी है जिसमें संप्रेषण, सामाजिक, सोच विचार एवं व्यवहार प्रभावित होता है। इसके साथ ही साथ कुछ प्रकार्यात्मक योग्यता में भी कमी आती है।

कैनर ने 1943 में बाल्टिमोर में 11 बच्चों का आकलन किया जोया तो मानसिक मंद थे या भावात्मक रूप से विक्षिप्त थे। लेकिन उन्होंने इसे स्वलीन विक्षिप्तता के नाम से पेपर में प्रकाशित किया। इस समूह के लक्षण को इन्होंने कैनर सिंड्रोम नाम दिया।

परिभाषा :–

